सुप्रभात
रांची, बुधवार
18.01.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net माघ कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 186



12 वाणी ने दिये किलर पोज

## न्यूज डायरी

### न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेंगे इशान किशन

**नयी दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में इशान किशन प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे। कप्तान रोहित शर्मा ने इसकी पुष्टि कर दी है। उन्हें ओपनिंग करने को नहीं मिलेगा। वह मध्यक्रम में खेलेंगे। मैच से पहले मीडिया से बात करते हुए भारतीय कप्तान ने कहा, किशन मध्य क्रम में बल्लेबाजी करेंगे और मुझे खुशी है कि बांग्लादेश में उस शानदार पारी के बाद उसे यहां मौका मिलेगा।

### बडगाम में मुठभेड़ दो आतंकवादी ढेर

**जम्मू।** बडगाम में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराया। सेना ने बताया कि सैनिकों ने इलाके में आतंकवादियों की गतिविधि की सूचना मिलने के बाद एक मोबाइल वाहन जांच चौकी बनायी थी। एक कैब को जांच के लिए रुकने का संकेत दिया गया लेकिन उसके अंदर से आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चला दीं। जवाबी कार्रवाई में दोनों मारे गये। उनकी पहचान पुलवामा के अरबाज मीर और शाहिद शेख के रूप में की गयी।

### दुमका में आदिवासी युवती से गैंगरेप

**दुमका।** रामगढ़ थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय नाबालिग आदिवासी छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आयी है। गांव के ही तीन लड़कों ने घटना को अंजाम दिया है। पीड़िता को ईलाज के लिए फूलों जानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पायी है। जानकारी के अनुसार गांव में सोहराय पर्व पर नृत्य – संगीत का कार्यक्रम चल रहा था। उसी दौरान किसी काम से छात्रा झुंड से बाहर निकली। गांव के तीन लड़कों ने उसे पकड़कर थोड़ी दूर ले गये और गैंगरेप किया। मंगलवार को जब अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा तो उसे फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लाया गया। उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

### कोडरमा में ट्रक ने बच्चे को रौंदा, मौत

**कोडरमा।** लोकाई स्थित सेंट क्लेयर्स स्कूल में एडमिशन कराने आये एक बच्चे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार सेंट क्लेयर्स स्कूल में खरखार निवासी रोहित साहू अपने तीन वर्षीय पुत्र पृथ्वी का नामांकन करा कर जैसे ही सड़क पर आये एक ट्रक ने बच्चे को रौंद दिया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने कोडरमा गिरिडीह रोड पर जाम लगा दिया। प्रशासन के अधिकारियों ने बड़ी मान मनोब्बल के बाद किसी तरह जाम खत्म कराया।

### कोंगाड़ी ने भी इडी से मांगी मोहलत

**रांची।** कैश कांड के मामले में आरोपित कांग्रेस विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी भी ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे। मंगलवार को विधायक के अधिवक्ता चंद्रभानु ईडी कार्यालय पहुंचे। अधिवक्ता ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि दो सप्ताह का समय ईडी से मांगा गया है। उन्होंने कहा कि विधायक रांची से बाहर है। उन्होंने कहा कि विधायक ईडी को पूरा सहयोग करेंगे। विधायक से जो भी सवाल पूछा जाएगा उनका जवाब दिया जायेगा। अनूप सिंह के बयान के क्रॉस वेरिफिकेशन के लिए ईडी ने विधायक को समन कर बुलाया था। इससे पहले इसी मामले में दो विधायकों ने इडी से खुद के लिए मोहलत मांगी है।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 53,600 रु./10 ग्राम
चांदी : 74,000 रु./प्रति किलो

## कोडरमा : खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण में भाजपा और केंद्र पर बरसे सीएम

# जो खतियानी है, वही झारखंडी : हेमंत

### भाजपा ने 20 सालों में राज्य को बर्बाद कर दिया

**उमा शंकर**

**कोडरमा, रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को कोडरमा से खतियान जोहार यात्रा के दूसरे चरण की शुरुआत की है। स्थानीय बाघीटांड़ स्टेडियम खतियान यात्रा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, यह झारखंडी और मूलवासियों के अधिकार की यात्रा है। झारखंड के मूल निवासियों और उनके अधिकारों की जमकर पैरवी और भाजपा पर जोरदार हमला किया। सीएम ने कहा, बिहार में बिहारी, ओड़िशा में ओड़िया, बंगाली में बंगाली राज करता है लेकिन झारखंड में छत्तीसगढ़िया राज कर रहा था। अब समय आ गया है कि झारखंड पर भी सिर्फ झारखंडी ही राज करेगा। आज तक



झारखंड के मूलवासी की पहचान नहीं हो पायी थी। 20 सालों तक इनके अधिकारों का हनन होता रहा लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। सीएम ने कहा कि खतियान का मतलब है अपनी पहचान। भारत में हमारी पहचान कैसे हो कि हम झारखंडी हैं, इसके लिए यह जरूरी था। उन्होंने कहा कि जो खतियानी है वही झारखंडी है।

**महंगाई तो अब भाजपा की भौजाई हो गयी :** केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज महंगाई चरम पर है। पहले जब 5 रुपये महंगाई बढ़ती थी तो भाजपा के लोग सड़क पर उतर कर कहते थे कि महंगाई डायन हो गयी है, मगर अब बेतहाशा महंगाई होने के बाद भी जैसे भौजाई हो गयी है। उन्होंने कहा कि देश में उद्योग एवं रुपये की कीमत लगातार कम होती जा रही सड़क पर टोल टैक्स देना पड़ता है और इसकी वसूली के लिए मुस्टंडों को रखा जाता है। आजादी के बाद वर्तमान दौर सबसे अराजक स्थिति में है। श्री सोरेन ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सबसे अधिक सत्ता में रही पर सिर्फ राज्य को लूटने का काम किया है। राज्य को पीछे धकेलने का काम किया है। केंद्र सरकार तो रेलवे से लेकर हवाई अड्डे तक सब कुछ बेचने में लगी है। (शेष पेज 11 पर)

### राज्य के अभ्रक उद्योग को मिलेगी खोयी पहचान

सीएम ने कहा है कि झारखंड के अभ्रक को खोयी पहचान मिलेगी। अभ्रक की खोयी पहचान को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से ढिबरा डंप में कार्य को पुनः प्रारंभ करने के लिए वाहन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि देश में सबसे उम्दा अभ्रक का उत्पादन झारखंड में होता है। मगर वर्षों से इसपर ध्यान नहीं दिया गया। आपकी सरकार बहुत जल्द इस संदर्भ में कानून लाने जा रही है। इससे एक ओर जहां वर्षों से गैर कानूनी तरीके से चले आ रहे अभ्रक उद्योग पर विराम लगेगा। लाखों श्रमिकों का शोषण बंद होगा तथा व्यवस्थित रोजगार का सृजन होगा। कोडरमा में वर्ष 1980 के पूर्व में अभ्रक खनिज के लगभग 400 खनन पट्टे धारित थे। वन संरक्षण अधिनियम लागू होने एवं वन्य प्राणी आश्रयणी के प्रभाव से सभी खनन पट्टे बंद होते चले गये। अपकी सरकार ने अब अभ्रक खनिज को फिर से शुरू करने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाये गये वाहन से ढीबरा डम्प से संबंधित सहकारी समितियों के सदस्यों द्वारा ढीबरा चुनकर कर जिला खनन कार्यालय द्वारा चिन्हित वाहन में ही लोड किया जायेगा। आज उक्त वाहन को अपने गंतव्य स्थान पहाड़पुर मोड़ से मुख्यमंत्री के द्वारा रवाना किया गया। इस अवसर पर आला अधिकारी भी उपस्थित थे।

# आइआइएम हॉस्टल में छात्र शिवम पांडेय का शव बरामद

## फंदे पर लटका था शव, दोनों हाथ बंधे थे, परिजनों को साजिश की आशंका

### हत्या या आत्महत्या में उलझी पुलिस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक पुंदाग, रांची स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आइआइएम) के सेकेंड ईयर के छात्र शिवम कुमार पांडेय (22)की संदिग्ध अवस्था में डेड बॉडी बरामद हुई है। यह सुसाइड है या हत्या मामला अब तूल पड़ने लगा है। छात्र की मौत को परिजनों ने एक साजिश बताया है। शिवम के बंधे हाथ भी किसी साजिश की तरफ इशारा कर रहे हैं। वहीं पुलिस के साथ-साथ परिजनों को भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का बेसब्री से इंतजार है। पुत्र की मौत की खबर



सुनकर पिता अखिलेश्वर प्रसाद बनारस से रांची पहुंचे हैं। उन्होंने इस मामले की जांच की मांग की है। मामले की जांच करने हॉस्टल पहुंचे डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की देर रात सूचना मिली थी कि शिवम ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल पर अपनी जांच के दायरे को बढ़ा रही है। (शेष पेज 11 पर)

### एसपी के नेतृत्व में एसआइटी जांच होगी

छात्र शिवम पांडेय की संदिग्ध मौत मामले की एसआइटी जांच करेगी। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम खुद इस मामले की मॉनिटरिंग करेंगे। रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने मामले के तह तक जाने के लिए एक एसआइटी का गठन किया है। इसमें टेक्निकल सेल के पुलिसकर्मी और इंस्पेक्टर राजेश सिन्हा को भी शामिल किया गया है। पूरी मॉनिटरिंग ग्रामीण एसपी खुद करेंगे।

# नड्डा की अगुवाई में चुनाव लड़ेगी भाजपा, कार्यकाल बढ़ा : शाह

## लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बनने वाले तीसरे नेता

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल एक साल और बढ़ाया गया है। केद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि नड्डा अब 24 जून 2024 तक भाजपा के अध्यक्ष बने रहेंगे। शाह ने बताया कि भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में नड्डा के कार्यकाय को आगे बढ़ाने पर लेकर फैसला लिया गया। अमित शाह ने कोरोना काल में लोगों की सेवा करने में जेपी नड्डा के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनकी अगुवाई में कई राज्यों के चुनावों में पार्टी की जीत हुई।



उन्होंने कहा कि भाजपा जेपी नड्डा की अध्यक्षता में ही 2024 का चुनाव लड़ेगी। लालकृष्ण आडवाणी और अमित शाह के बाद नड्डा भाजपा के ऐसे तीसरे नेता बन गये हैं, जिन्हें लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बनाया गया है।

**राजनाथ ने रखा प्रस्ताव :** श्री शाह ने बताया कि पार्टी बैठक में राजनाथ सिंह ने नड्डा के कार्यकाल को बढ़ाने का प्रस्ताव रखा था और भाजपा कार्यकारिणी द्वारा उसे स्वीकार कर लिया गया। शाह ने कहा कि हमारे संविधान के हिसाब से संगठन का चुनाव होता है। यह वर्ष सदस्यता का साल है, कोविड के करण समय पर सदस्यता का काम नहीं हो सका था, इस लिए संविधान के हिसाब से कार्य विस्तार किया गया है। अब नड्डा जून 2024 तक अध्यक्ष बने रहेंगे। अमित शाह ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जेपी नड्डा के साथ 2024 के लोकसभा चुनाव में और ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया जायेगा और 2019 से ज्यादा सीटें जीती जायेगी। (शेष पेज 11 पर)

# जेएसइबी के पूर्व अध्यक्ष एसएन वर्मा समेत सात पर आरोप गठित

## सिकिदिरी परियोजना में अनियमितता का मामला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सिकिदिरी स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना में रखरखाव एवं मरम्मत कार्य की निविदा में अनियमितता बरतने से जुड़े मामले में झारखंड राज्य बिजली बोड के पूर्व अध्यक्ष शिवेंद्र नाथ वर्मा समेत सात आरोपियों के खिलाफ सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने आरोप गठित कर दिया है। मामले में अब सीबीआइ की ओर से सात फरवरी से गवाहों को प्रस्तुत किया जायेगा। अदालत में मौजूद आरोपियों से उसके ऊपर लगे आरोपों के बारे में पूछा गया। सभी आरोपियों ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताया है। इसके बाद अदालत ने आरोप गठन की कार्रवाई पूरी की। मालूम हो कि सीबीआई ने 2011-12 में हुए घोटाले को लेकर तीन जून 2016 को भ्रष्टाचार के आरोप में कांड संख्या 7-2016 के तहत प्राथमिकी दर्ज जांच प्रारंभ की थी। (शेष पेज 11 पर)

### इन के खिलाफ आरोप तय

मामले में एसएन वर्मा के अलावा भेल भोपाल के तत्कालीन सीनियर डीजीएम सुनीति कुमार मजूमदार, भेल पीडीएक्स भोपाल के एजीएम रवींद्र कुमार आर्या, भेल भोपाल के गुरुकृत सिंह सचदेवा, मेसर्स नॉर्थन पावर इरेक्टॉर्स लिमिटेड नई दिल्ली के संचालक नवनीत सागर मित्तल व उनकी कंपनी, मेसर्स फाइब्रेटेक मेरठ यूपी के संचालक आशुतोष मित्तल व उनकी कंपनी के खिलाफ आरोप गठित किया गया।

# एक बार फिर बढ़ी ठंड, शीघ्र राहत नहीं

### 26 को छाये रहेंगे बादल 2 से 3 डिग्री गिरेगा पारा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में पिछले दो दिनों से ठंड बढ़ गयी है। इससे अभी शीघ्र राहत की उम्मीद भी नहीं है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से आसमान में सुबह में कोहरा और फिर दोपहर बादल छाये रहेंगे। शीतलहर के कारण शाम ढलते ही कनकनी बढ़ जा रही है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, 26 को दिनभर बादल छाये रहेंगे, जिससे राजधानी में और ठंड बढ़ेगी। हालांकि गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा पर प्रदेश में कहीं भी बारिश के आसार नहीं हैं।

**न्यूनतम तामपान 2 से 3 डिग्री बढ़ेगा :** अभिषेक आनंद ने बताया कि 18 जनवरी को उत्तरी भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की वजह से झारखंड के मध्य और दक्षिणी भागों -रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, सरायकेला, पूर्वी सिंभूमि, पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा में आसमान में बादल छाये रहेंगे। पूरे इलाके में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। वहीं अधिकतम तापमान में थोड़ी गिरावट हो सकती है। 19, 20, 21 और 22 जनवरी को सुबह में कोहरा छाये रहेंगे। इसके बाद पूरे दिन मौसम साफ रहेगा, हालांकि कुछ इलाकों में हल्के बादल छा रह सकते हैं।



### हजारीबाग में दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

**हजारीबाग।** गांधीनगर थाना क्षेत्र केसंडे बाजार के दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी युवक सोमवार देर रात पिकनिक मनाकर हजारीबाग से बोकारो लौट रहे थे। हजारीबाग के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के कोनार डैम के पास गाड़ी पलटने से हादसा हुआ। मृतकों की शिनाख्त सौरभ कुमार (24) और अजय रवानी (23) के रूप में हुई है। दोनों युवक बेरमो के संडे बाजार गांधीनगर के रहने वाले थे। हादसे में जख्मी युवक पिंटू रवानी है।

# दाऊद को पाक ने बनाया दामाद, भारतीय नेताओं पर हमले की रच रहा साजिश

## कराची में पठान महिला से की दूसरी शादी

### एनआइए ने दाउद के भांजे के हवाले से किया खुलासा

**एजेंसी**

**मुंबई।** अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को लेकर चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। भारत की कई आतंकी और आपराधिक घटनाओं का मास्टरमाइंड अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को पाकिस्तान ने अपना दामाद बना लिया है। 67 वर्षीय दाऊद इब्राहिम ने पाकिस्तान में रहते हुए कराची की एक पठान महिला से दूसरी शादी कर ली है। इस बात का खुलासा एनआईए ने



अपनी चार्जशीट में दाऊद इब्राहिम के भांजे और दाऊद की बहन हसीना पार्कर के बेटे अलीशाह के हवाले से किया है। अलीशाह के अनुसार दाउद पाकिस्तान में पता बदल कर नयी जगह पर रह रहा है। साथ ही भारत में बड़े नेताओं पर हमले की साजिश रच रहा है।

**दाऊद की पहली पत्नी से दुबई में मिला था भांजा :** दाऊद के भांजे अली शाह ने बताया कि जुलाई 2022 में उसकी दाऊद की पहली पत्नी महजबीन से दुबई में मुलाकात हुई थी। तब उन्होंने दाऊद इब्राहिम की दूसरी शादी के बारे में बताया था। अली शाह के अनुसार दाऊद की पहली पत्नी महजबीन भारत में रह रहे दाऊद के संबंधियों से व्हाट्सएप्प कॉल से जुड़ी रहती है। महाराष्ट्र के एक टेरर नेटवर्क की जांच में जुटी एनआईए ने बीते साल सितंबर में दाऊद इब्राहिम के भांजे अली शाह का बयान रिकॉर्ड किया था। (शेष पेज 11 पर)

### बड़े नेताओं पर हमले को बनायी स्पेशल टीम

अलीशाह ने पूछताछ में खुलासा किया है कि दाऊद इब्राहिम भारत में बड़े नेताओं और उद्योगपतियों पर हमले की तैयारी कर रहा है। इसके लिए उसने एक स्पेशल टीम भी बनायी है। दाऊद के गुर्गे भारत के बड़े शहरों में हिंसा भड़काने की साजिश रच रहे हैं। अलीशाह ने ये भी बताया कि दाऊद इब्राहिम का पाकिस्तान के कराची में पता बदल गया है और अब वह कराची के डिफेंस एरिया में रह रहा है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआइए ने आतंकी फंडिंग के मामले में दाऊद इब्राहिम और उसके करीबी सहयोगियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। साथ ही एनआईए ने इस मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया है। जांच के दौरान एनआईए ने अलीशाह पार्कर का बयान दर्ज कराया है। इसी दौरान अलीशाह ने दाऊद इब्राहिम और उसके परिवार के बारे में पूरी जानकारी दी। अंडरवर्ल्ड डॉन की पहली पत्नी को दाऊद की दूसरी शादी के बारे में पता है और वह अलग-अलग ऐप के जरिए दोनों के संपर्क में रहती है।

## यूएन में चीन ने भी छोड़ा दोस्त पाक का साथ

# लश्कर का मक्की ग्लोबल आतंकी घोषित, भारत ने किया स्वागत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र ने पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के उप प्रमुख अब्दुल रहमान मक्की का नाम वैश्विक आतंकवादियों की काली सूची में डाल दिया है। इस बाच चीन ने भी उसकी मदद करने से अपना हाथ खींच लिया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अल-कायदा प्रतिबंध समिति ने सोमवार को मक्की का नाम अपनी प्रतिबंधित सूची में शामिल किया। इस सूची में शामिल लोगों की संपत्ति जब्त करने, उन पर यात्रा और हथियार संबंधी प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है। चीन ने



पिछले साल जून में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल-कायदा प्रतिबंध समिति के तहत मक्की को एक ग्लोबल आतंकी घोषित करने के लिए भारत और अमेरिका के संयुक्त प्रस्ताव को अंतिम क्षण में बाधित कर दिया था। मक्की को अमेरिका पहले ही एक आतंकवादी घोषित कर चुका है।

# 65 एसडीओ को एडीएम रैंक में मिलेगा प्रमोशन

**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा के 65 अफसरों को अनुमंडल पदाधिकारी से एडीएम रैंक में प्रोन्नति दी जायेगी। कार्मिक विभाग अफसरों की सूची तैयार कर रहा है। विभागीय प्रक्रिया पूरी कर डीपीसी से सहमति लेकर इसी माह के अंत तक प्रमोशन दिया जायेगा। हालांकि, इसके पूर्व राज्य के मुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री कार्मिक विभाग हेमंत सोरेन से सहमति ली जायेगी। लंबे समय से अफसरों को प्रमोशन नहीं मिलने से उन्हें वित्तीय नुकसान भी हो रहा था। अधिकारियों का कहना है कि प्रोन्नति के साथ ही इन अफसरों को स्थानांतरित कर पदस्थापित भी किया जायेगा। झारखंड प्रशासनिक सेवा के इन अधिकारियों के प्रमोशन के लिए स्वच्छता प्रमाण भी लिया जा रहा है। यह देखा जा रहा है कि कौन-कौन से अफसर हैं जिन्हें प्रोन्नति दी जानी है। सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अधिकारियों को प्रोन्नति संबंधित अधिसूचना जारी कर दी जायेगी।


## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।

दूरभाष (मो0) सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

KHATIAN AND VALUATION STATEMENT

(3G Award के तहत् घोषित)

Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section III)

( किमी0 147.450 (भोगू) से किमी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण )

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 75) (किमी0 147.450 (भोगू) से किमी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण। हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा/आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा :–[illegible], थाना :–मेदिनीनगर, थाना नं0–[illegible]

पत्रांक– 15 (D)/भू0अ0, दिनांक– 07.01.2023

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | अर्जनाधीन रकबा एकड़ में | किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | लहलहे | 45 | 110 P | 0.0375 | मकान | 0.0375 | 1 | [illegible] | |
| 2 | | 45 | 521 | 0.0322 | धान-2 | 0.0322 | 2 | [illegible] | |
| | | 39 | 538 | 0.0200 | धान-2 | 0.0200 | | तदैव | |
| | | 39 | 539 | 0.0100 | टांड़-2 | 0.0100 | | तदैव | |
| 3 | | 15 | 643 | 0.147 | टांड़-2 पक्का दो तल्ला मकान दुकान | 0.147 | 3 | [illegible] | |
| 4 | | 14 | 566 | 0.04 | धान खेत मकान दुकान | 0.04 | 4 | [illegible] | |
| 5 | | 39 | 539 | 0.02 | मकान दुकान | 0.02 | 5 | [illegible] | |
| 6 | | 55 | 111 | 0.0504 | टांड़-2 | 0.0504 | 6 | [illegible] | [illegible] |
| 7 | | 18 | 526 | 0.0968 | टांड़-2 मकान | 0.0968 | 7 | [illegible] | |
| 8 | | 32 | 488 | 0.3912 | टांड़-2 मकान | 0.3912 | 8 | [illegible] | |
| 9 | | 26 | 494 | 0.1100 | टांड़-2 | 0.1100 | 9 | [illegible] | |
| | | 45 | 493 | 0.0209 | टांड़-2 | 0.0209 | | तदैव | |
| 10 | | 15 | 543 P | 0.075 | धान खेत मकान | 0.075 | 10 | [illegible] | |
| 11 | | 39 | 539 | 0.0375 | टांड़-2 मकान दुकान | 0.0375 | 11 | [illegible] | |
| 12 | | 45 | 541 | 0.055 | टांड़-2 | 0.055 | 12 | [illegible] | [illegible] |
| 13 | | 45 | 110 P | 0.0575 | टांड़-2 मकान | 0.0575 | 13 | [illegible] | |
| 14 | | 15 | 543 P | 0.029 | मकान | 0.029 | 14 | [illegible] | [illegible] |
| 15 | | 45 | 110 P | 0.0327 | टांड़-2 | 0.0327 | 15 | [illegible] | [illegible] |
| 16 | | 14 | 534 | 0.0969 | टांड़-2 | 0.0969 | 16 | [illegible] | |
| 17 | | 14 | 534 | 0.0695 | धान-2 | 0.0695 | 17 | [illegible] | |
| 18 | | 45 | 527 | 0.049 | टांड़-2 मकान | 0.049 | 18 | [illegible] | |
| | | 39 | 539 | 0.0375 | टांड़-2 | 0.0375 | | तदैव | |
| 19 | | 45 | 532 | 0.0686 | टांड़-2 मकान | 0.0686 | 19 | [illegible] | [illegible] |
| | | 39 | 498 | 0.09 | टांड़-2 मकान | 0.09 | | तदैव | |
| | | 39 | 497 | 0.0019 | टांड़-2 मकान | 0.0019 | | तदैव | |
| | | 39 | 538 | 0.0250 | टांड़-2 | 0.0250 | | तदैव | [illegible] |
| | | 39 | 536 | 0.0521 | धान-2 | 0.0521 | | तदैव | [illegible] |
| | | 39 | 539 | 0.1569 | टांड़-2 | 0.1569 | | तदैव | |
| 20 | | 14 | 534 | 0.0266 | धान-2 | 0.0266 | 20 | [illegible] | |
| 21 | | 45 | 110 P | 0.0350 | टांड़-2 | 0.0350 | 21 | [illegible] | कबाला से प्राप्त है। |
| 22 | | 45 | 523 | 0.095 | टांड़-2 मकान | 0.095 | 22 | [illegible] | |
| | | 45 | 523 | 0.0596 | टांड़-2 | 0.0596 | | तदैव | [illegible] |
| 23 | | 45 | 532 | 0.0250 | टांड़-2 | 0.0250 | 23 | [illegible] | |
| 24 | | 39 | 539 | 0.015 | टांड़-2 | 0.015 | 24 | [illegible] | |
| 25 | | 45 | 521 | 0.0422 | धान-2 | 0.0422 | 25 | [illegible] | |
| 26 | | 14 | 566 | 0.0623 | धान खेत | 0.0623 | 26 | [illegible] | [illegible] |
| | | 14 | 566 | 0.077 | धान खेत मकान | 0.077 | | तदैव | [illegible] |
| 27 | | 14 | 566 | 0.0545 | धान खेत मकान दुकान | 0.0545 | 27 | [illegible] | |
| 28 | | 45 | 521 | 0.0173 | धान-2 | 0.0173 | 28 | [illegible] | [illegible] |
| 29 | | 14 | 566 | 0.0175 | धान खेत मकान दुकान | 0.0175 | 29 | [illegible] | [illegible] |
| | | 14 | 566 | 0.0632 | धान खेत | 0.0632 | | तदैव | [illegible] |
| 30 | | 14 | 534 | 0.003 | टांड़-2 | 0.003 | 30 | [illegible] | [illegible] |
| 31 | | | 542 | 0.0573 | टांड़-2 मकान | 0.0573 | 31 | [illegible] | |
| 32 | | 45 | 521 | 0.0176 | धान-2 मकान दुकान | 0.0176 | 32 | [illegible] | |
| | | 45 | 521 | 0.0322 | धान-2 | 0.0322 | | [illegible] | |
| 33 | | 45 | 522 | 0.074 | धान-2 मकान | 0.074 | 33 | [illegible] | |
| 34 | | 35 | 269 | 0.1952 | धान खेत | 0.1952 | 34 | [illegible] | |
| 35 | | 39 | 638 | 0.0219 | टांड़-1 | 0.0219 | 35 | [illegible] | |
| 36 | | 39 | 635 | 0.1233 | धान-2 | 0.1233 | 36 | [illegible] | |
| 37 | | 15 | 543 | 0.0275 | धान खेत मकान | 0.0275 | 37 | [illegible] | |
| 38 | | 1 | 267 | 0.3271 | धान खेत मकान | 0.3271 | 38 | [illegible] | |
| | | 1 | 545 | 0.3065 | धान खेत | 0.3065 | | तदैव | |
| | | 45 | 260 | 0.034 | धान खेत | 0.034 | | तदैव | |
| 39 | | 39 | 539 | 0.0320 | धान-2 | 0.0320 | 39 | अज्ञात | [illegible] |
| | | 39 | 539 | 0.0150 | टांड़-2 | 0.0150 | | अज्ञात | |
| | | 45 | 541 | 0.0374 | टांड़-3 | 0.0374 | | अज्ञात | [illegible] |
| | | 15 | 543 P | 0.0034 | धान खेत | 0.0034 | | अज्ञात | |
| | | | कुल | 3.8077 | कुल | 3.8077 | | | |

कानूनगो जिला भू–अर्जन कार्यालय पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

PR 287649 Land Reforms(22-23)D


## अवैध मकानों को रेगुलर करने के ड्राफ्ट पर लोगों ने दिये सुझाव

# बिना शर्तों के ही अवैध मकानों को नियमित करे राज्य सरकार



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यभर में बिना नक्शे के बने अवैध मकानों को रेगुलर करने के लिए बने ड्राफ्ट पर एक सौ से ज्यादा लोगों ने सरकार को अपने-अपने सुझाव दिये हैं। नगर विकास विभाग को जितने भी सुझाव मिले हैं, उसमें अधिकांश लोगों ने यह कहा है कि बिना कोई शर्तों के अवैध मकानों को नियमित कर दिया जाना चाहिए। कुछ लोगों ने सुझाव दिया है कि दूसरे राज्यों की तर्ज पर अवैध भवनों को रेगुलर किया जाए, वहीं कई लोगों ने यह कहा है कि भवनों को रेगुलर करने के लिए जो माप निर्धारित किया गया है, उसमें थोड़ी-बहुत छूट मिलनी चाहिए। मतलब अगर किसी का मकान निर्धारित माप थोड़ा अधिक हो तो उसे भी रेगुलर किया जाना चाहिए। सीएनटी-एसपीटी एक्ट का उल्लंघन कर बने मकानों, एग्रीकल्चर लैंड और ओपन स्पेस में बने भवनों को भी रेगुलर करने का सुझाव कई लोगों ने दिया है। नगर विकास विभाग प्रारूप पर मिले सभी सुझावों का अध्ययन कर रहा है। जल्द ही पुराने ड्राफ्ट में परिवर्तन कर उसे लागू किया जायेगा।

**19 नवंबर को जारी हुआ था ड्राफ्ट** : बताते चलें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद 19 नवंबर 2022 को अवैध मकानों को रेगुलर करने की योजना का ड्राफ्ट तैयार किया गया था, जिसके तहत 31 दिसंबर 2019 के पहले बने भवनों को रेगुलर करने की बात कही गई। इस ड्राफ्ट के मुताबिक 15 मीटर की उंचाई तक वाले तीन मंजिला भवनों को रेगुलर किया जाएगा। वहीं 500 वर्गमीटर से कम प्लॉट का प्लिंथ क्षेत्र 100 प्रतिशत और 500 वर्गमीटर से बड़े प्लॉट का प्लिंथ क्षेत्र 75 फीसदी या 500 वर्गमीटर (दोनों में जो भी कम हो) होना चाहिए। दिसंबर तक सरकार ने इस ड्राफ्ट पर आपत्तियां और सुझाव मांगा था।

### राजधानी में बहुत कम ही हैं क्लीन भवन

राज्य के विभिन्न नगर निकायों में करीब 7 लाख भवन अवैध हैं। इनमें से अधिकांश ने नक्शा पास कराये बिना मकान बनाया है, जबकि कई लोगों ने नक्शा पास कराने के बावजूद नक्शे के मुताबिक मकान नहीं बनाया है। सबसे ज्यादा अवैध मकान राजधानी रांची में हैं। रांची में करीब सवा दो लाख मकान हैं। इनमें से 33 हजार का ही नक्शा पास है। एक लाख 90 हजार मकानों में से अधिकांश सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर बने हैं। कई लोगों ने नदी-नालों और जलस्त्रोतों को घेरकर मकान बनाया है। इस तरह के मकानों को रेगुलर करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है।

**विभाग मिले सुझावों का स्टडी कर रहा** : नगर विकास विभाग की चीफ टाउन प्लानर गजानंद राम ने कहा कि अवैध भवनों को नियमित करने वाले ड्राफ्ट पर 100 से ज्यादा सुझाव विभाग को मिले हैं। विभाग सभी सुझावों का अध्ययन कर रहा है। सुझाव मानने लायक हैं या नहीं यह देखा जा रहा है। अध्ययन के बाद जल्द ही फाइनल ड्राफ्ट तैयार होगा।

## भाजपा केंद्रीय कमेटी की बैठक में झारखंड को मिला होमवर्क

# 23-24 को प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में भाजपा देगी जिलों और मंडलों को टास्क



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** दिल्ली में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में पार्टी ने मिशन 2023, 2024 की रणनीति तैयार की गयी। बैठक में झारखंड से प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, राष्ट्रीय मंत्री और रांची मेयर आशा लकड़ा शामिल हुईं। कार्यसमिति की बैठक में पीएम मोदी ने पदाधिकारियों को कमजोर बूथों पर काम करने का निर्देश दिया। साथ ही 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए पिछले चुनावों में हारी हुई सीटों और कमजोर सीटों पर भाजपा को मजबूत करने का टास्क भी पदाधिकारियों को मिला। मिशन-2024 को लेकर पार्टी के कार्यक्रमों और आंदोलनों की रूपरेखा तैयार हुई। भाजपा केंद्रीय कार्यसमिति में मिले टास्क की तामील 24 जनवरी के बाद झारखंड में भी शुरू कर देगी।

गौरतलब है कि 23 और 24 जनवरी को भाजपा ने देवघर में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक बुलाई है। इस बैठक में कोर कमेटी और प्रदेश पदाधिकारियों के अलावा सभी जिलों के जिलाध्यक्ष शामिल होंगे। इन सभी को राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में मिशन 2024 को लेकर मिले टास्क और मैसेज से अवगत कराया जायेगा। झारखंड में हारी हुई दो लोकसभा सीटों राजमहल और सिंहभूम में संगठन को मजबूत करने की रणनीति बनेगी। कमजोर बूथों को मजबूत करने और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी तरीके से जनता के बीच लेकर जाने रणनीति तैयार होगी।


## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू।

दूरभाष (मो0) सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

KHATIAN AND VALUATION STATEMENT

(3G Award के तहत् घोषित)

Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section III)

( किमी0 147.450 (भोगू) से किमी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण )

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 75) (किमी0 147.450 (भोगू) से किमी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण। हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा/आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा:– चुकरू थाना:– मेदिनीनगर, थाना नं0:– 184

पत्रांक– 15 (C)/भू0अ0, दिनांक– 07.01.2023

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | अर्जनाधीन रकबा एकड़ में | किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | चुकरू | 15 | 579 P | 0.6600 | टांड़–3 | 0.6600 | 1 | कैलाश सिंह पि0 स्व0 रामकिशुन सिंह | |
| | | 15 | 580 | 0.0142 | टांड़–3 | 0.0142 | | तदैव | मांगधारी में Demand मे यह भूमि ऑनलाईन में दर्ज नही भौतिक पंजी II में प्लौट अप्राप्त। |
| 2 | | 15 | 579 P | 0.1735 | टांड़–3 | 0.1735 | 2 | विष्णुपत सिंह पि0 रामकिशुन सिंह | |
| 3 | | | 586 | 0.0170 | टांड़–3 | 0.0170 | 3 | अज्ञात | |
| | | | कुल | 0.8647 | कुल | 0.8647 | | | |

कानूनगो जिला भू–अर्जन कार्यालय पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

PR 287648 (Land Reforms) 22-23 (D)



## झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्,

डायट कैम्पस, रातू, राँची, पिन 835222

[email : jcert.ran@gmail.com]

### अति अल्पकालीन, इच्छा की अभिव्यक्ति

राज्य के सरकारी विद्यालयों में माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर पर नामांकित विद्यार्थियों के शिक्षण अधिगम (Learning Outcome) में वृद्धि हेतु एवं माध्यमिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कक्षा 9 में अध्ययनरत् सभी कोटि के छात्र–छात्राओं को विशेष पुस्तक यथा – शब्दकोष, मानचित्र, सामान्य ज्ञान एवं व्याकरण पुस्तक उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र. | सामग्री | पृष्ठों की संख्या | साईज (से.मी. में) | रंग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मानचित्र | 150–160 | 23 X 28 | Multicolour |
| 2 | शब्दकोष (अंग्रेजी से हिन्दी) | 1200–1300 | 18 X 23/8 | Two colour |
| 3 | सामान्य ज्ञान | 240–250 | 20 X 30/8 | Two colour |
| 4 | अंग्रेजी एवं हिन्दी ग्रामर | 240–260 | 18 X 24 | Two colour |

उक्त सामग्री मुद्रित करा कर कक्षा 9 के विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जायेगा जिसे वे कक्षा 12 तक उपयोग कर सकेंगे । उपर्युक्त सामग्री +2 स्तर की जानकारी को दृष्टिपथ रखते हुये तैयार की जानी है ।

झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची उक्त सामग्रियों की पाण्डूलिपि उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक विद्वान लेखकों से इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित करती है।

सभी सामग्रियों की 4–4 प्रतियाँ सॉफ्टकॉपी के रूप में प्रस्तुत करने होंगे । उच्च कोटि की सामग्रियों का चयन कर उसे क्रय किया जायेगा । इस हेतु मानचित्र के लिए रू. 150/– प्रति पृष्ठ एवं शेष सामग्रियों के लिए रू. 200/– प्रति पृष्ठ का भुगतान किया जायेगा ।

क्रय की गई उक्त सभी सामग्रियों का प्रतिलिप्याधिकार (Copyright), प्रकाशन एवं मुद्रण का अधिकार झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची का होगा । सामग्रियों में किसी भी प्रकार की त्रुटि/गलत जानकारी की जिम्मेवारी संबंधित लेखक की होगी ।

मानचित्र में विश्व, भारत एवं झारखण्ड के भौतिक एवं राजनीतिक मानचित्र होंगे। मानचित्रकार का कम से कम 10 वर्षों का अनुभव हो ।

किसी प्रकार की अन्य विशेष जानकारी हेतु मोबाईल संख्या 8709037752 पर कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है ।

इच्छुक लेखक अपनी पाण्डुलिपि दिनांक 31.01.2023 को संध्या 5.00 बजे तक झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची के कार्यालय में जमा कर सकते हैं ।

(किरण कुमारी पासी, भा.प्र.से.)
निदेशक, झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची

PR 287687 Human Resource Developement(22-23)#D


## खबर एक नजर में

### विधायक ढुल्लू महतो की जमानत याचिका पर 24 जनवरी को सुनवाई, सरकार ने मांगा समय

**रांची।** पुलिस हिरासत से एक वारंटी को छुड़ाने के मामले में सजायाफ्ता भाजपा विधायक ढुल्लू महतो की क्रिमिनल रिवीजन में उनकी ओर से दायर जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से बताया गया कि ढुल्लू महतो ने करीब दो तिहाई सजा काट ली है इसलिए उन्हें जमानत दी जाए। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से समय देने का आग्रह किया गया। जिसपर कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 जनवरी निर्धारित की है। पिछली सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि ढुल्लू महतो ने धनबाद की निचली अदालत में सरेंडर कर दिया है। बता दें कि विधायक ढुल्लू महतो को सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस इंस्पेक्टर की वर्दी फाड़ने के मामले में दोषी करार देते हुए अक्टूबर 2019 को धनबाद की अनुमंडल दंडाधिकारी शिखा अग्रवाल की अदालत ने 18 महीने की सजा सुनाई थी।

### बरहरवा टोल प्लाजा टेंडर मामले में हाइकोर्ट में सुनवाई 24 जनवरी को

**रांची।** साहिबगंज के बरहरवा टोल प्लाजा टेंडर मामले में बरहरवा थाने में दर्ज मामले की 24 घंटे में क्लीन चिट देने के मामले की सीबीआई जांच का आग्रह करने वाली याचिका पर आंशिक सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि ईडी को प्रतिवादी बनाने के हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी के कोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। इस पर प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने कोर्ट को बताया गया कि कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है, अभी तक सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर अपलोड नहीं हुआ है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश की प्रति प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए 24 जनवरी तक के लिए सुनवाई स्थगित कर दी।

### इरफान, राजेश के बाद अब नमन विक्सल कोंगाड़ी ने भी इडी से मांगा दो सप्ताह का समय

**रांची।** विधायक कैश कांड मामले की प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) जांच कर रही है। इस मामले में कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप के बाद विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी भी ईडी के समक्ष पेश नहीं होंगे। नमन विक्सल कोंगाड़ी को ईडी के रांची जोनल ऑफिस में मंगलवार को पेश होना था। उन्होंने ईडी के समक्ष हाजिर होने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है। बता दें कि 30 जुलाई 2022 को 48 लाख रुपए के साथ हावड़ा में कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी की गिरफ्तारी हुई थी। बंगाल पुलिस की सीआईडी की जांच में यह बात सामने आयी थी कि विधायकों ने कोलकाता के ही शेयर ट्रेडर महेंद्र अग्रवाल से पैसे लिये थे। महेंद्र अग्रवाल ने पैसे क्यों दिए इन पहलूओं पर भी ईडी जांच करेगी। हालांकि तीनों विधायकों ने बताया था कि आदिवासी दिवस के लिए उन्हें साड़ी और कंबल की खरीदारी करनी थी, इसलिए वह पैसे लेकर कोलकाता गये थे।

### हर-घर, नल-जल योजना का जायजा लेने आज रांची आयेगी केंद्रीय टीम

**रांची।** प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट हर–घर, नल–जल योजना का जायजा लेने केंद्रीय टीम आज बुधवार को रांची आएगी। इस टीम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के सचिव विनी महाजन रांची आ रही हैं। केंद्रीय टीम अपने झारखंड आगमन के दौरान क्षेत्र का भ्रमण 18 जनवरी को करेगी। 19 जनवरी को इसे लेकर एक राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक भी करेगी। इस दौरान जल जीवन मिशन और स्वस्थ्य भारत मिशन की झारखंड में प्रगति पर समीक्षा की जाएगी। इसके लिए विभाग के संयुक्त निदेशक इंद्रदेव मंडल, स्टेट को–ऑर्डिनेटर आजाद हुसैन, उर्वसी, मुख्य अभियंता संजय झा, सचिव के तकनीकी सलाहकार सुधाकांत झा, स्टेट कॉर्डिनेटर डॉली कुमारी को दायित्व सौंपा गया है। 18 जनवरी को क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम चुरचू में कार्यपालक अभियंता शशिशेखर, बीडीओ, सीडीपीओ रातू को लगाया गया है। वहीं एमजी नरेगा पार्क में डीडीसी और बीडीओ को दायित्व सौंपा गया है। पिठोरिया में अधीक्षण अभिंयता निरंजन कुमार को तैनात किया गया है। कस्तूरबा में संयुक्त निदेशक इंद्रदेव मंडल और स्टेट कंसलटेंट श्रेया और लेबोरट्री में वाटर क्वालिटी कंसलटेंट सुगंधा की तैनाती की गयी है।

### सहायक अभियंता नियुक्ति (पीटी) में आरक्षण मामले में प्रतिवादियों की ओर से होगी बहस

**रांची।** जेपीएससी द्वारा ली गई सहायक अभियंता नियुक्ति में प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) में आरक्षण देने से संबंधित मामले में एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से बहस पूरी हो गई। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पीटी में रिजर्व कैटेगरी के कैंडिडेट को जनरल में शिफ्ट किया गया, जो राज्य सरकार की नियमावली और जेपीएससी के विज्ञापन के विरुद्ध है। सरकार की नियमावली के तहत पीटी में आरक्षण का प्रावधान नहीं है। मामले में सफल अभ्यर्थियों की ओर से अधिवक्ता मनोज टंडन की हस्तक्षेप याचिका को कोर्ट ने स्वीकार करते हुए इन्हें प्रतिवादी बनाया है, कोर्ट अब इनका भी पक्ष सुनेगा। अब आज मामले में प्रतिवादियों की ओर से बहस होगी। पूर्व की सुनवाई में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि कोटि और कोटा में क्या अंतर है। याचिकाकर्ता भास्कर ने इस मामले में याचिका दायर कर कहा है कि सहायक अभियंता की नियुक्ति में कोटिवार रिजल्ट जारी किया गया है वहीं आरक्षित श्रेणी के कुछ अभ्यर्थियों को आरक्षण देते हुए सामान्य श्रेणी में रखा गया है, जबकि पीटी परीक्षा में आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है।

# जेपी नड्डा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहने का झारखंड भाजपा पर होगा खास असर

## जून 2024 तक नड्डा को मिले अवधि विस्तार से दीपक प्रकाश व सुनील सिंह समेत कई नेताओं का बढ़ेगा कद





**उदय चौहान**

**रांची।** जेपी नड्डा को एक साल के लिए मिले अवधि विस्तार का झारखंड भाजपा पर खासा असर होगा। अब दीपक प्रकाश को भी अवधि विस्तार मिलने की संभावना बढ़ गयी है। दरअसल, जेपी नड्डा के झारखंड से करीबियों में दीपक प्रकाश के अलावा बाबूलाल मरांडी, सुनील सिंह, बालमुकुंद सहाय, कर्मवीर सिंह शामिल हैं। इसके अलावा श्री नड्डा की रघुवर दास व अर्जुन मुंडा से भी अच्छे तालुकात हैं। जैसा कि मालूम है दीपक प्रकाश का कार्यकाल जनवरी में ही पूरा हो रहा है लेकिन, नड्डा के बने रहने से दीपक प्रकाश को अभयदान मिल सकेगा। दरअसल, झारखंड में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अमित शाह ने कोल्हान से चुनावी शंखनाद कर दिया है। संभवतः अगले माह श्री शाह संथाल परगना में चुनाव आगाज करेंगे।

उल्लेखनीय है कि दीपक प्रकाश के तीन साल के कार्यकाल को लेकर तरह-तरह की चर्चा होती रही है। श्री प्रकाश के कार्यकाल में कॉकश हावी रहा है। यदि आने वाले समय में भी दीपक प्रकाश को अवधि विस्तार दिया गया तो इसका चुनावी नफा-नुकसान हो सकता है। तात्पर्य है कि मिशन 2024 में दीपक प्रकाश व उनकी टीम के लोगों की ही चलती रहेगी। टिकट में भी नड्डा के करीबियों को जगह मिल सकती है। इससे टिकटार्थियों के बड़े वर्ग को मायूसी हाथ लगेगी और इसका नुकसान चुनाव में संभव है। मालूम हो कि फिलवक्त भाजपा ने लोकसभा की 11 सीटों पर कमल खिलाया है। अपने प्रदर्शन को दोहराने के लिये प्रदेश इकाई पर दबाव रहेगा। मालूम हो कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। जेपी नड्डा को जून 2024 तक के लिए भाजपा के अध्यक्ष के रूप में इनका कार्यकाल बढ़ाया जा रहा है। अगले साल 2024 में प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार देश की जनता से जनमत मांगेगे। उसके पहले 2023 में 9 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। यह चुनाव आम चुनाव को लेकर राजनीतिक धारणा बनाने में भूमिका निभाते हैं। इनमें खासतौर पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक में पार्टी का प्रदर्शन लोकसभा की दृष्टि से बेहद अहम होगा। गौरतलब है कि इन राज्यों की 93 में से 87 सीटें इस समय पार्टी के पास है।

## कृषि मंडी बिल वापसी की मांग लेकर को दिल्ली जायेंगे चैंबर के लोग

# चैंबर ने राज्यपाल से भी मांगा समय, कहा- मिलकर लगायेंगे मंडी को बचाने की गुहार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार की ओर से राज्य की बाजार समितियों में कृषि विपणन शुल्क विधेयक को लागू किये जाने की सिफारिश को लेकर राज्य के खाद्यान्न व्यापारियों में आक्रोश है। झारखंड चैंबर ऑफ कॉर्मस इस विधेयक को लेकर सत्ता पक्ष, अधिकारियों और मंत्रियों से वार्ता कर रहा है। हालांकि पंडरा बाजार समिति के व्यापारियों ने विधेयक वापस नहीं होने पर आंदोलन की तैयारी की है लेकिन झारखंड चैंबर ऑफ कॉर्मस की ओर से फिलहाल इस पर विराम लगाया गया है।

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने बताया कि फिलहाल व्यापारी आंदोलन का रूख नहीं कर रहे हैं। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि आंदोलन से पहले सभी स्तरों पर वार्ता की जायेगी। 18 जनवरी को चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर से मुलाकात के लिए रवाना होगा। मंत्री ने बताया कि शीर्ष नेताओं से मामले में हस्तक्षेप की मांग की जायेगी। इसके बाद ही आगे की तैयारी की जायेगी। राज्यपाल से मुलाकात को लेकर राजभवन से भी समय की मांग की गयी है।

बताते चलें कि राज्य सरकार ने दिसंबर में संपन्न विधानसभा सत्र में विधेयक को फिर से पास किया है, तभी से व्यापारियों में इस विधेयक को लेकर असंतोष देखने को मिल रहा है।

### बिल का व्यापारियों ने किया था विरोध

जानकारी हो कि पिछले साल मार्च में इस बिल को विधानसभा में पारित करने पर व्यापारियों ने विरोध किया था। इस दौरान अप्रैल माह में खाद्यान्न आयात बंद कर दिया गया था। हालांकि दो दिनों के खाद्यान्न आयात बंद होने के बाद ही राज्य सरकार ने व्यापारियों से वार्ता की। सरकार के आश्वासन के बाद राज्य के खाद्यान्न व्यापारियों ने खाद्यान्न आपूर्ति को फिर से सामान्य कर दिया था।

### उत्पादन और व्यापार में आयेगा कमी

चैंबर ऑफ कॉमर्स की मानें तो बिल के लागू होने से राज्य में कृषि उपज के उत्पादन, इसके विपणन, संबंधित प्रसंस्करण उद्योग और व्यापार में भारी कमी आयेगी। वहीं, किसानों के उपज की स्थानीय मांग घटने से उन्हें अपने उत्पाद की कम कीमत मिलेगी। सरकार को कृषि शुल्क और जीएसटी से प्राप्त होनेवाले राशि (राजस्व) में भी कमी आयेगी। पिछले साल मार्च में भी व्यापारियों ने इस बिल का विरोध किया था। तब कृषि मंत्री से मुलाकात कर कृषि शुल्क बिल को वापस करने की मांग की थी, जिस पर मंत्री ने भी चैंबर सदस्यों को आश्वस्त किया था कि बिल वापस लिया जायेगा। परंतु शीतकालीन विधानसभा सत्र में बिल फिर से लाये जाने पर व्यापारी खफा हैं।

### राज्यपाल ने बिल किया था वापस



पिछले साल भी राज्य सरकार ने इस बिल को लाया था। व्यापारियों के विरोध के बाद सरकार ने इसे वापस लेने की बात कहीं थी। वहीं, राज्यपाल ने भी मई महीने में इस बिल को राज्य सरकार को संशोधन के लिये भेजा। लेकिन इस विधानसभा सत्र में सरकार ने फिर से इसे लागू कर दिया। बताते चलें कि खाद्यान्न व्यापारियों की ओर से लगातार इस मुद्दे पर बैठक हो रही है।

## पुलिस दुष्कर्म और हत्या के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करे : आदित्य

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने बीआइटी मेसरा थाना क्षेत्र की युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या का की निंदा की है। मंगलवार को राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने पीड़िता के घर पहुंच कर स्वजन को ढांढस बंधाया। उन्होंने मृतक को इंसाफ दिलाने और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। पीड़िता के स्वजन से मिलने पहुंचे राज्य सभा सांसद ने कहा कि आरोपितों को गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा दिलाई जायेगी। उन्होंने मौके पर मौजूद मेसरा ओपी के थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह को आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने और कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता व नौकरी देने की मांग प्रीतम लोहरा, शिवलाल महतो सहित अन्य के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बीआईटी मेसरा ओपी के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया था।

## जीइएल चर्च कॉम्प्लेक्स के तीसरे तल्ले में लगी भीषण आग



**रांची।** मेन रोड स्थित जीईएल चर्च कम्प्लेक्स के तीसरे तले में मंगलवार देर शाम करीब रात नौ बजे भीषण आग लग गयी। शार्ट सर्किट के कारण लगी आग पर दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने किसी तरह काबू पाया। आग कावेरी रेस्टोरेंट के ठीक ऊपर लगी थी। घटना के बाद मेन रोड में जाम की स्थिति बन गयी। हालांकि जानमाल की कोई क्षति नहीं हुई। आग से पूरे कंप्लेक्स में अफरातफरी मच गयी।

## प्रदेश भाजपा ने जेपी नड्डा को बधाई दी

**रांची।** भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में सांगठनिक एवम राजनीतिक चर्चा के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के अध्यक्षीय कार्यकाल को भी विस्तारित किये जाने का झारखंड इकाई ने स्वागत किया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये कहा कि पार्टी और सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि आगामी 2024 में पार्टी दो तिहाई बहुमत के साथ मोदी जी की तिसरी बार सरकार बनेगी। विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा देश में और मजबूत होगी। कहा कि लोकसभा चुनाव के पूर्व इसी वर्ष 9 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव भी पार्टी जीतेगी और राज्यों में भी भाजपा की सरकारें बनेंगी।

## अनुबंधकर्मियों के स्थायीकरण के विरोध में आदिवासी संगठनों का 27 को महाधरना

**रांची।** अनुबंधकर्मियों के स्थायीकरण के विरोध, सरना धर्म कोड समेत अन्य मुद्दों को लेकर 27 जनवरी को राजभवन के समक्ष महाधरना दिया जाएगा। राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह निर्णय मंगलवार को राष्ट्रीय आदिवासी समाज सरना धर्म रक्षा अभियान के बैनर तले हुई आदिवासी संगठनों की बैठक में लिया गया। कहा गया कि अनुबंधकर्मियों का स्थायीकरण किसी भी कीमत पर होने नहीं दिया जाएग, क्योंकि इन नियुक्तियों में न तो आरक्षण नीति का पालन हुआ है और न ही किसी अन्य नीति-नियम का। ये तमाम नियुक्तियां अवैध हैं। सरकार को थर्ड एवं फोर्थ ग्रेड में सीधी नियुक्तियां शुरू करनी चाहिए। बैकलॉक को चिन्हित कर नियुक्ति शुरू की जानी चाहिए। महाधरना में जनजातीय परामर्श दातृ समिति की स्थिति, आदिवासियों की जमीन पर अवैध कब्जा, वन पप्ता कानून तथा आदिवासियों के अन्य संवैधानिक अधिकारों के मुद्दे भी उठाये जायेंगे।

## अनुबंधित चिकित्साकर्मियों की हड़ताल से व्यवस्था गड़बड़ायी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी संघ एवं एएनएम, जीएनएम संघ के संयुक्त बैनर तले स्वास्थ्य विभाग के 8 हजार अनुबंध कर्मी मंगलवार को अनिश्तिकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। इस कारण सरकारी हॉस्पिटलों में एक्सरे, लैब के काम, वैक्सिनेशन प्रभावित हो गया। सबसे ज्यादा असर जिला सदर अस्पताल, पीएचसी, सीएचसी में देखने को मिला। इन हॉस्पिटलों में लोग काम कराने के लिए परेशान दिखे। इससे पहले 16 जनवरी को फार्मासिस्ट, एक्सरे टेक्नीशियन, एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने की कोशिश की थी लेकिन पुलिसकर्मियों ने उन्हें पहुंचने से रोक दिया था। कर्मियों का कहना है कि वर्तमान सरकार ने तीन महीने में अनुबंध कर्मियों के समायोजन का वादा किया था लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की गई है।

**कर्मियों की ये हैं मांगें :** संघ ने कहा कि पारा मेडिकल नियमावली 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए स्वास्थ्य विभाग के सभी पारा मेडिकल कर्मियों को वर्ष 2014 की तरह विभागीय समायोजन की प्रक्रिया अविलंब आरंभ करने की जरूरत है। मांग पूरी नहीं होती है तो 24 से आमरण अनशन करने का निर्णय भी लिया गया है।

## खबर एक नजर में

### गवर्नर से मिले रांची विवि के पूर्व सीनेटर



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के पूर्व सीनेट सदस्य डॉ भीम प्रभाकर मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल रमेश वैश्य से शिष्टाचार मुलाकात की और उच्च शिक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा किया। इस दौरान डॉ प्रभाकर ने राज्यपाल से रांची विश्वविद्यालय सहित राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरा कराने का आग्रह किया।

### बाबा विद्यापति स्मारक समिति से कोई संबंध नहीं : ठाकुर

**रांची।** विद्यापति स्मारक समिति के महासचिव उदित नारायण ठाकुर ने कहा कि बाबा विद्यापति स्मारक समिति से उनका कोई संबंध नहीं है। वह विद्यापति स्मारक समिति से जुड़े हैं और हमेशा रहेंगे। परंतु बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा बार-बार उनका नाम कार्यक्रम में डाल दिया जाता है। उन्होंने सभी दैनिक अखबार के संपादकों से आग्रह किया है कि उनका नाम बाबा विद्यापति स्मारक समिति के किसी भी कार्यक्रम में न छापा जाये।

### एसएसवीएन में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर (एसएसवीएन) धुर्वा रांची में छात्र/छात्राओं को साइबर सुरक्षा एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएसपी साइबर प्रकोष्ठ यशोधरा और धुर्वा थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने छात्रों व शिक्षकों को सोशल मीडिया एवं आनलाईन फाइनेंशियल फ्राड संबंधित अपराध क्या है और इनसे सुरक्षा के क्या उपाय हैं, विषय पर जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र, सदस्य अमरकांत झा, प्राचार्य डा संध्या सिंह, सब इंसपेक्टर धुर्वा थाना सुभाष कुमार महतो उपस्थित थे।

### न्यू मार्केट हटिया चौक में मोबाइल दुकान में चोरी

**रांची।** न्यू मार्केट हटिया चौक में सोमवार देर रात चोरों ने सेंधमारी कर एक मोबाइल दुकान में 47 हजार नगदी सहित लाखों रुपये के मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया। मोबाइल फोन की कीमत करीब 25 लाख रुपये बतायी जा रही है। दीवार की तरफ से सेंधमारी कर चोरों ने अंदर प्रवेश कर दुकान में चोरी को अंजाम दिया है। अपर हटिया निवासी शुभम गुप्ता मंगलवार को जब दुकान पहुंचे तो देखा पैसों का गल्ला खुला था तो वहीं मोबाइल फोन सेट गायब है, जगरनाथपुर थाना प्रभारी पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गयी है। पुलिस डॉग स्कवायड और फोरेंसिक की टीम की मदद ले रही है।

### छात्र संघ चुनाव विद्यार्थियों का अधिकार: अभिषेक

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ का प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संयोजक अभिषेक झा के नेतृत्व में कुलपति से मिलकर उन्हें छात्र संघ चुनाव कराने के लिए ज्ञापन सौंपा। मौके पर अभिषेक झा ने कहा कि विगत पिछले 3 वर्षों से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव ना हो पाना निंदनीय है। छात्र संघ चुनाव को लेकर संवेदनशील ना होना साफ दर्शाता है कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र संघ चुनाव नहीं कराना चाहती है। श्री झा ने कहा कि विधानसभा लोकसभा राज्यसभा नगर निकाय चुनाव पंचायत चुनाव सभी समय पर हो जाते हैं। लेकिन छात्र संघ चुनाव में हमेशा देरी होती है। वही मौके पर मौजूद कुलपति ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया के किसी भी हालत में जल्द से जल्द चुनाव संपन्न कराया जायेगा। मौके पर जगत मुरारी, सचिन रंजन, रोहित सिन्हा, हिमांशु, रिशुए सूर्या, आर्यन, अशफाक, विवेक पांडे, सुमित, प्रणव गांगुली आदि छात्र उपस्थित थे।

## अब सचिवालय में भी चलेगी दीदियों की रसोई, सरकार से मिली मंजूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मंत्रालय के सरकारी अफसरों, बाबूओं को भी दीदियों के हाथों से बने भोजन के जायके का आनंद लेने का मौका मिलेगा। राज्य सरकार के निर्देश पर यह पहल हो रही है। इसके लिए एफएफपी बिल्डिंग, धुर्वा स्थित मंत्रालय परिसर में दीदी किचन कैंटीन खोले जाने की तैयारी है। फिलहाल भवन निर्माण विभाग, झारखंड (सर्किल-2, रांची) की ओर से इस बिल्डिंग में कैंटीन के कंस्ट्रक्शन के लिए कोशिश शुरू हुई है। इस कैंटीन के निर्माण पर 54 लाख 9 हजार रुपये से अधिक राशि के खर्च होने का अनुमान है। भवन निर्माण विभाग केवल सिविल वर्क का कार्य करायेगा। आगे इसके संचालन की प्रक्रिया संभवतः समाज कल्याण विभाग, झारखंड के स्तर से ही कराये जाने हैं।

**टेंडर की प्रक्रिया शुरू :** भवन निर्माण विभाग (सुपरिटेंडेंट इंजीनियर, सर्किल नं-2, रांची) की ओर से दीदी किचन कैंटीन के निर्माण के लिए टेंडर जारी होना है। वेबसाईट पर 21 जनवरी को इसे जारी किया जायेगा। मात्र एक सप्ताह के भीतर 27 जनवरी तक आवेदन जमा करने का मौका योग्य एजेंसियों को मिलेगा। इसके बाद 28 जनवरी को इसे खोला जायेगा। जिस किसी को भी इसका कार्य आवंटन होगा, उसे 4 महीने के भीतर सभी सिविल वर्क पूरे कर दीदी किचन कैंटीन तैयार करने होंगे। विस्तृत जानकारी वेबसाइट से ली जा सकती है।

## आर्यभट्ट सभागार में अमृत कला महोत्सव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** अंतरराष्ट्रीय कला एवं संस्कृति फाउंडेशन, बैंगलोर एवं परफोर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स विभाग रांची विवि के संयुक्त तत्वावधान तथा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में अमृत कला महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आरयू के वीसी प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि झारखंड में प्रतिभाओं की कमी नहीं हैं, बस उसे निखारने की जरूरत है। इसी उद्देश्य से विश्वविद्यालय आनेवाले दिनों में अंतर्राष्ट्रीय ट्राइबल युथ फेस्टिवल का आयोजन करने जा रहा है, जिसमें विभिन्न जगहों के ट्राइबल फूड एवं उनकी संस्कृतियों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही कई एमओयू करने की भी योजना है।

वहीं, विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय कला एवं संस्कृति फाउंडेशन, बैंगलोर के निदेशक श्रीवत्स शांडिल ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को विभिन्न कला के माध्यम से जीवंत बनाये रखने पर बल दिया। मौके पर डॉ. नियति कल्प ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

मौके पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के द्वारा रचित गीत नया गाता हूं की नृत्य के रूप में प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। ओडिसी एकेडमी की तरफ से वंदे मातरम की नृत्यात्मक प्रस्तुति की गई जिसको निर्देशित सविता मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि ने कलाकारों का पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया। इससे पूर्व अंतरराष्ट्रीय कला एवं संस्कृति फाउंडेशन, बैंगलोर के निदेशक श्रीवत्स शांडिल्य, आरयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष कुमार झा, व्यावसायिक शिक्षा परिषद की उपनिदेशक डॉ. स्मृति सिंह एवं स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन के निदेशक प्रो.(डॉ.) बीपी सिन्हा को पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में परफोर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स विभाग, रांची विश्वविद्यालय, राँची के शिक्षक विपुल नायक, मनीष, एवं सुजीत कुमार का सहयोग रहा।

# 1932 खतियान को जदयू ने बताया पॉलिटिकल स्टंट, कहा- इस पर कानून बनना संभव नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने 1932 के खतियान पर राज्य सरकार के स्टेप को महज पॉलिटिकल स्टंट करार दिया है। राजकीय गेस्ट हाउस, मोरहाबादी में मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिहार सरकार में मंत्री और झारखंड के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी ने कहा कि झारखंड सरकार 1932 के खतियान पर जो कुछ कर रही है, वह केवल पॉलिटिकल स्टंट है। 1932 के खतियान को विधानसभा में लाकर फिर इसे केंद्र के पास उसने भेजा है पर केंद्र-राज्य के जगजाहिर संबंधों को देखते इसे कानून का रूप नहीं मिल सकेगा। यह संदिग्ध ही रहेगा। प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष और सांसद खीरू महतो, पूर्व मंत्री सुधा चौधरी समेत अन्य नेता भी थे।

अशोक चौधरी ने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में 40 से अधिक सीटों पर चुनाव जदयू ने लड़ा था। पर जनता से अपेक्षित भरोसा नहीं मिल सका। अब पार्टी संगठन को दुरुस्त किया जा रहा है। खीरू महतो के नेतृत्व में पार्टी अगले 6 माह में नये स्वरूप और कलेवर में दिखेगी। सभी प्रमंडलों में रैलियां होंगी। झारखंड में 2024 के विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में अकेले या गठबंधन के साथ भागीदारी के संबंध में पार्टी अध्यक्ष और शीर्ष नेता फैसला लेंगे।

**झारखंड में भी हो शराबबंदी और जातीय जनगणना :** बिहार की तरह झारखंड में भी शराबबंदी की बात अशोक चौधरी ने की। कहा कि यह एक बड़ी सामाजिक बुराई है। बिहार की तरह झारखंड में भी शराबबंदी होनी चाहिए। झारखंड में भी जातीय गणना कराये जाने की मांग अशोक चौधरी ने रखी। कहा कि एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने पीएम से मुलाकात कर जातीय गणना कराए जाने की मांग रखी थी। अंततः बिहार सरकार ने अपने स्तर से इसे शुरू किया। इससे सामाजिक, आर्थिक और अन्य स्तरों पर योजना तैयार करने में मदद मिलेगी। झारखंड सरकार को भी इसके लिए आगे आना चाहिए।

**पीएम की रेस में नहीं नीतीश :** एक सवाल के जवाब में डॉ अशोक ने कहा कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने कभी भी यह नहीं कहा कि वे पीएम बनना चाहते हैं। उन्होंने एक बड़े महागठबंधन तैयार करने की बात की थी। कोई भी गठबंधन हो, उसमें कांग्रेस को लाना ही होगा। इसके लिए राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद उनसे और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से भी नीतीश मिलेंगे।

बिहार में तेजस्वी के नेतृत्व में अगला चुनाव के मसले पर कहा कि हर दल अपना काम करता है। सीएम नीतीश कुमार काबिलियत से सीएम बने हैं। जब उन्होंने पूर्व में शासन संभाला था, उस समय बिहार का बजट 32 हजार करोड़ का था, अब यह 2 लाख 32 हजार करोड़ तक हो चुका है। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव के बारे में अभी कुछ कहना ठीक नहीं।

## एचईसी संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने सांसद संजय सेठ को सौपा ज्ञापन

**रांची।** एचईसी को बचाने के लिए संयुक्त संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी गण विनय जायसवाल के नेतृत्व में सांसद संजय सेठ को ज्ञापन सौंपा। मोर्चा ने एचईसी के वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। इसमें मूल रूप से एचईसी को सुचारू रूप से चलाने के लिए एवं 14 माह का बकाया वेतन को लेकर बात रखी गई। इसमें यूनियनों ने बारी-बारी से अपनी बातों को सांसद के समक्ष रखा और केंद्र से सहयोग की मांग की। वहीं सांसद संजय सेठ ने कहा कि संयुक्त मोर्चा को पूरा सहयोग करेंगे। भारी उद्योग मंत्री से फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में समय लेकर सभी यूनियनों से दो-दो प्रतिनिधि के अलावा अधिकारियों से बैठक कराने की बात कही। मौके पर रामकुमार नायक, जीतू लोहरा, सी के सिंह, शनि सिंह, कृष्ण मोहन सिंह, हरे राम रजवार, अर्जुन राम, एस जे मुखर्जी, हरेंद्र यादव, विमल महली, जितेंद्र सिंह, विकास तिवारी, रमा शंकर प्रसाद, सुनील पांडेय, खुर्शीद आलम, मनीष कुमार, राजेश सिंह, सरोज कुमार,

## 31 मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों का इमा ने किया स्वागत

# अंतरराष्ट्रीय कराटे में 16 गोल्ड लेकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** कोलकाता के एनकेडीए कम्युनिटी सेंटर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा। राज्य के खिलाड़ियों ने इस अंतराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में 16 गोल्ड, 8 सिल्वर तथा 07 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अंतराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का नाम रोशन किया है। टीम के रांची वापसी पर इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने विजेताओं का भव्य स्वागत किया।

इस प्रतियोगिता में झारखंड के 4 वर्षीय आर्यमन जैन ने अपने दोनों स्पर्द्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीतकर देश का खाता खोला, जबकि पुरुष वर्ग में झारखंड के राकेश तिर्की ने अपने दोनों स्पर्द्धाओं में स्वर्ण पदक जीता। अन्य खिलाड़ी में अंजलि कुमारी, मयंक कुमार दास, रूप मल्लिक, कुमारी मीनाक्षी ने भी अपने दोनों स्पर्द्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किए। इमा के तकनीकी निदेशक रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य के 19 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल हुए जिन्होंने कुल 31 पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया।

इमा अध्यक्ष संसाइ ने कहा कि जल्द ही इमा प्रतिभा सम्मान समारोह में विजेताओं को सम्मानित करेगी। पदक विजेताओं में आर्यमन जैन, आरोही भूमि कच्छप, एलिसन रूपाल, मयंक कुमार दास, साहिल कुमार महतो, आशाइन जुरिएल मिंज, अक्षज जायसवाल, एरोन क्रिस्टीन मिंज, अंजली कुमारी, रूप मल्लिक, काजल कुजूर, अदीबा नाज, त्रिविक्रम रॉय, कुमारी मीनाक्षी, सुहानी कुमारी, कृतिका कुमारी, आयुष धीवर, कुमार अरिंदम, राकेश तिर्की को महिला कोच स्वस्तिका तरफदार, अविनाश जैन, काकुली मल्लिक, राम कृष्ण मुर्मू, संजय कुमार, रानी कुजूर, अमित कुमार कच्छप, फूल कुमारी कच्छप एवं अन्य ने बधाईयां दी।

## आज का राशिफल
18-01-2023

मेष : नीच का चंद्रमा के प्रभाव से अनुकूल नहीं है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। दुष्टजनों से बचकर रहें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्य संभव है।

वृष : समय अनुकूल है। ब्यापार में लाभ होगा। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। भाग्य का साथ रहेगा। प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है।

मिथुन : मानसिक रोग से बचें। शिक्षा में सुधार होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। नौकरी में कार्यभार रहेगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

कर्क : प्रेमी से अनबन होगा। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नया कार्य करने का मन बनेगा। निवेश शुभ रहेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

सिंह : नई योजना सकता है। व्यापार-व्यवसाय की कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक सेवा करने की प्रेरणा मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

कन्या : पूजा-पाठ में मन लगेगा। कारोबार से लाभ में वृद्धि के योग हैं। कोर्ट व कचहरी इ?त्यादि में स्थिति अनुकूल रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त हो सकती है।

तुला : वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट से बनते कामों में विघ्न हो सकता है। स्वास्थ्?य का विशेष ध्यान रखें।

वृश्चिक : कोर्ट व कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में रुके कामों में गति आएगी। विवाद का हल हो सकता है।

धनु : स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी। पार्टनरों से मतभेद दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी। किसी से विवाद की आशंका है। मानहानि हो सकती है, सावधान रहें।

मकर : किसी मनोरंजक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य सफलतापूर्वक कर पाएंगे।

कुंभ : किसी व्यक्ति से अकारण विवाद हो सकता है। भागदौड़ के चलते स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। लापरवाही न करें। किसी दुःखद समाचार मिलने की आशंका है।

मीन : जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट की आशंका है। प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। किसी बड़े कार्य को करने की इच्छा प्रबल होगी। कारोबार अच्छा चलेगा

### अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम में बोले सरला बिरला विवि के कुलपति प्रो गोपाल पाठक

# विश्वविद्यालयों में मल्टीडिसीप्लिनरी अप्रोच आवश्यक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुलपति ने बताया, सरला बिरला विवि में इंजीनियरिंग के सभी छात्रों के लिए संस्कृत को अनिवार्य रूप से लागू किया गया है**

**रांची।** विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा 16-17 जनवरी, 2023 को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, मध्य प्रदेश में दो दिवसीय अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय समागम में संस्थाओं की आपसी संबद्धता को बढ़ावा एवं पोषण, सतत विकास व मूल दक्षतायें, शोध एवं नवाचार, भारतीय ज्ञान परंपरा, सामाजिक विकास, पर्यावरण, नेतृत्व एवं प्रशासन, उच्च शिक्षा एवं राष्ट्रीय विकास के अंतर्गत वहनीय एवं सुलभ गुणात्मक शिक्षा तथा शिक्षा में लोकोपकार एवं सामाजिक जुड़ाव व उत्तरदायित्व जैसे विभिन्न विषयों पर देश के महत्वपूर्ण शिक्षाविदों एवं बुद्धिजीवियों ने न केवल विचार विमर्श किये, बल्कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए रोडमैप भी तैयार किया।

समागम में झारखंड का नेतृत्व करते हुए सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने सरला बिरला विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में अभी तक क्रियान्वित कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग के सभी छात्रों के लिए संस्कृत को अनिवार्य रूप से लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों के छात्रों के लिए योग का एक क्लास अनिवार्य रूप से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने समागम में सभी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरला बिरला विश्वविद्यालय अपने छात्रों के हंड्रेड परसेंट अटेंडेंस पर फोकस कर रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय में मल्टीडिसीप्लिनरी अप्रोच को लागू किये जाने तथा छात्रों के कैरक्टर बिल्डिंग की भी बात की, जिससे राष्ट्र को स्किल के साथ-साथ चारित्रिक रूप से सक्षम योग्य नागरिक मिल सकें। उन्होंने सरला बिरला विश्वविद्यालय ग्लोबल स्टैंडर्ड एजुकेशन देने के लिए विश्व प्रसिद्ध कैलिफोर्निया के बर्कले विश्वविद्यालय के साथ किये गये आपसी समझौते की भी चर्चा की।

विदित हो कि विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम 2023 में बड़े पैमाने पर देशभर के सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों एवं राज्य के विश्वविद्यालयों तथा निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलाधिपति, चेयरमैन, निदेशक, ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के चेयरमैन, प्राचार्य, प्राध्यापक, शिक्षाविदों आदि ने सहभागिता की है।



### मारवाड़ी युवा मंच ने स्थापना दिवस कार्यक्रम में किया भोग का वितरण

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच ने मंच के स्थापना दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के तीसरे दिन मंगलवार को मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण मे भोग (खिचड़ी) का वितरण किया। भोग वितरण से पूर्व सर्वप्रथम हनुमान जी को भोग लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तदुपरांत 500-600 श्रद्धालुओं के बीच उस भोग का वितरण किया गया। मंच के उपाध्य अमित शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न खिचड़ी (भोग)कार्यक्रम के इस कार्यक्रम में मंच के सचिव विकाश अग्रवाल ने बताया कि पूरी शुद्धता के साथ भोजन तैयार किया जाता है और लोगों को श्रद्धा और प्रेम पूर्वक खिलाया जाता है।आज के कार्यक्रम के संयोजक अमित सेठी और मनीष सेठी रहे। उपस्थित लोगो में सिद्धांत तोदी, रोहित पोद्दार, अमित चंद्रा, शैलेश अग्रवाल प्रमंडलीय उपाध्यक्ष सचिन मोतिका, अमित तोसवार व अन्य शामिल थे।

# झारखंड के गौरव थे पाण्डेय गणपत राय : राजेश ठाकुर




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में अमर शहीद पाण्डेय गणपत राय की जयन्ती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, में मनाई गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पाण्डेय गणपत राय को झारखंड का गौरव बताया। देश को आजाद कराने में उनकी भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे तथा देश के प्रति उनके अंदर भक्ति का अंकुर बाल्यावस्था में ही फूट चुका था।प्रदेश अध्यक्ष श्री ठाकुर ने कहा कि अमर शहीद पांडेय गणपत राय कुशल रणनीतिकार थे। उनकी कुशाग्र बुद्धि ने 1857 की राज्य क्रांति को छोटानागपुर पठार में एक ऊंचाई प्रदान की। गणपत राय को 21 अप्रैल 1858 को फांसी दी गयी। अंग्रेजों ने जब छल-बल से छोटानागपुर पर कब्जा करने की कोशिश की तो गणपत राय ने विरोध की पृष्ठभूमि तैयार की।

# बैंक ऑफ इंडिया को तीसरी तिमाही में हुआ 1151 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक, बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ वित्तीय वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में 1151 करोड़ रुपये हुआ है। तीसरी तिमाही के लिए शुद्ध लाभ, क्रमिक आधार पर 20 प्रतिशत वृद्धि और वर्ष-दर-वर्ष 12 प्रतिशत वृद्धि के साथ सुधरकर 1,151 करोड़ रुपये हो गया है। परिचालन लाभ, वर्ष-दर-वर्ष 74 प्रतिशत वृद्धि तथा क्रमिक आधार पर 8 प्रतिशत वृद्धि के साथ सुधरकर 3,652 करोड़ रुपये हो गया है। आस्तियों पर प्रतिलाभ (आरओए) सुधरकर 0.55 प्रतिशत पर रहा। निवल ब्याज मार्जिन (एनआइएम) 3.28 प्रतिशत पर रहा, इसमें वर्ष-दर-वर्ष 101 वीपीएस तथा क्रमिक आधार पर 24 बीपीएस का सुधार हुआ है। निवल ब्याज आय (एनआइआइ) वर्ष-दर-वर्ष 64 प्रतिशत तथा क्रमिक आधार पर 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ 5,596 करोड़ रुपये पर रही। निवल एनपीए अनुपात 1.61 प्रतिशत पर रहा, यह वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 105 बीपीएस कम हुआ है। कासा जमा राशियों में वर्ष-दर-वर्ष 3.70 प्रतिशत वृद्धि हुई है और कासा प्रतिशत 44.56 प्रतिशत है।

बैंक के बेहतरीन प्रदर्शन पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बैंक ऑफ इंडिया के झारखंड प्रमुख मनोज कुमार ने समस्त ग्राहकों का आभार जताया और सभी कर्मियों को भी बधाई दी। श्री कुमार ने आह्वान किया कि इसी प्रकार से हमें ग्रहकों की संतुष्टि को बनाये रखना है, ताकि बैंक की उत्तरोत्तर वृद्धि हो। इस अवसर पर रांची अंचल प्रमुख संजय कुमार खेमका ने सभी के प्रति आभार एवं हर्ष प्रकट किया।



## खबर एक नजर में

### समाजसेवी अल्विन लकड़ा की अगुवाई में जरूरतमंदों के बीच कंबल का हुआ वितरण



**रांची।** रातू प्रखंड के भोंडा सरना टोली में झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन (जेसीवाईए)के बैनर तले द्वारा समाजसेवी एल्विन लकड़ा की अगुवाई में समाज के जरुरतमंद, अभावग्रस्त गरीबों के बीच उन्हें कड़ाके के ठंड से राहत दिलाने के लिए कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण के इस कार्यक्रम में एकत्रित कंबल पाने वाले लाभुकों को सर्वप्रथम समाजसेवी अल्बिन लकड़ा ने स्वागत अभिनंदन किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि जहां तक संभव है और मेरा प्रयास है कि जाति, धर्म और समुदाय से उपर उठकर अभावग्रस्त, जरुरतमंदों की सेवा करुं।

### रिलायंस ज्वेलर्स की सेल में 25 फीसदी छूट

**रांची।** रिलायंस ज्वेल्र्स की ड्रीम डायमंड सेल के साथ हीरे की जगमगाहट और बेजोड़ चमक से अपने दिल में सुखद एहसास जगाने का समय आ गया है। रिलायंस ज्वेल्र्स बेमिसाल डिजाइन, शानदार कलेक्शन और ऑफर्स के जरिए ग्राहकों को खरीदारी को मौत देता है। जगमगाते हीरे और हाथों की उम्दा कारीगरी से तैयार किए गए इस डायमंड कलेक्शन में नेकलेस सेट, पेंडेंट सेट, चूड़ियाँ, कंगन, अंगूठियाँ और कई अन्य आभूषणों के आकर्षक डिजाइन पेश किए गए हैं। सेल में 25 प्रतिशत तक की छूट से खरीदारी कर सकते हैं। नियमों व शर्तों के साथ यह ऑफर 14 फरवरी तक है।

### सर्वस्पर्शी कार्य से ही सफलता: नारसरिया



**रांची।** सर्वस्पर्शी कार्य ही सफलता को प्राप्त करता है। विद्या भारती का कार्य समाज आधारित है। उक्त बातें मंगलवार को विद्या भारती उत्तर पूर्वी क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री ने कही। रामावतार नारसरिया ने कहा कि विद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारी एवं पूर्व छात्र समाज तथा विद्या भारती के अभिन्न अंग हैं। आज हमारा पूर्व छात्र परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्रों का संगठन है। हम राष्ट्रीय चेतना के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य , संस्कृति, सामाजिक समरसता को जागृत कर रहें हैं। भारत केंद्रित शिक्षा के मूल भाव को हम मजबूती प्रदान कर सकें इस दृष्टि से मंथन जरूरी है।

### एचइसी कर्मियों ने राष्ट्रपति को भेजा पत्र

**रांची।** एचइसी के आंदोलनरत अधिकारियों ने लंबित वेतन भुगतान समेत अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से एचईसी की वर्तमान स्थिति से उन्हें अवगत कराया है। लिखा है कि वर्तमान में इस कंपनी में कार्यरत सभी अधिकारियों का पिछले 14 माह और कर्मचारियों का 11 माह से वेतन लंबित है। इससे यहां कार्यरत कर्मचारियों का दैनिक स्थिति बदतर होते जा रही है।

### संत पॉल स्कूल ग्राउंड में सीडीइएस के तमाम शिक्षण संस्थान सामूहिक मनायेंगे गणतंत्र दिवस समारोह



**रांची।** चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया रांची के छोटानागपुर डायोसेसन एजुकेशन सोसाईटी (सीडीईएस) के अन्तर्गत आने वाले सभी शिक्षण संस्थानों के प्रधानों एवं सचिवों की बैठक मंगलवार को बहूबाजार स्थित एच. पी. डी. सी. सभागार में हुई। सीएनआई छोटानागपुर के बिशप बासिल बी. बास्के की अध्यक्षता में संपन्न इस बैठक में मुख्य रुप से हर साल की तरह इस वर्ष भी 26 जनवरी को मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को सामूहिक तौर पर धूमधाम से मनाने पर विचार विमर्श किया गया। विचार–विमर्श में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष पुनः सामूहिक रूप से इस पर्व को धूमधाम से मनाया जायगा।

### तीसरे दिन भी जारी रही रामकथा



**रांची।** श्री राम कथा आयोजन समिति के तत्वावधान में 15 जनवरी से आरंभ रामकथा का कार्यक्रम आज तीसरे दिन जारी रहा। कथा के मुख्य यजमान प्रेमचंद श्रीवास्तव ,पत्नी उर्मिला श्रीवास्तव , श्रवण अग्रवाल सपत्नी , विजय हरलालका, (छोटू) संतोष सरावगी सपत्नी ने पूरे परिवार के संग व्यास पूजन , गुरु पूजन भजन व माल्यार्पण कर श्री राजन महाराज का अभिनंदन व स्वागत किया। भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी .... के भजन से शुरु इस कार्यक्रम में विगत दिवस की कथा के पश्चात आज के प्रसंग में कथावाचक राजन जी महाराज ने कहा कि भगवान प्रकट हुए घर में उत्सव जैसा माहौल बना।

### एचइसी शहीद विश्वनाथ शाहदेव नागरिक संघ ने बैठक कर कहा

# धुर्वा बस स्टैंड पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा जबरन लगाने का होगा विरोध

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** धुर्वा टंकी साइड में एचइसी शहीद विश्वनाथ शाहदेव नागरिक संघ एवं अन्य सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को संघ के अध्यक्ष कैलाश यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

बैठक में उपस्थित तमाम लोगों ने धुर्वा बस स्टैंड चौक पर बगैर जिला प्रशासन एचइसी प्रबंधन की अनुमति के महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाए जाने के निर्णय पर जमकर आपत्ति जताई। ज्ञातव्य है विगत दिनों भाषा आंदोलन के दौरान दिनांक 20 फरवरी 22 को धुर्वा बस स्टैंड पर संघ द्वारा आयोजित आम सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि 24 जुलाई 2002 को डोमिसाइल आंदोलन में शहीद हुए एचईसी क्षेत्र के 3 लोग दीपक, बबलू और आरके सिंह का प्रतिमा लगायी जाएगी। संघ अध्यक्ष कैलाश यादव ने कहा कि एचईसी में एक समुदाय के कुछ लोग एक सोची समझी साजिश के तहत जातीय उन्माद फैलाकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ना चाहते हैं,जबकि पूर्व समय से धुर्वा बस स्टैंड चौक से महज 500 मीटर की दूरी पर वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा स्थापित की गयी है। संघ की ओर से वैसे लोगो को सुझाव देना चाहते है कि एचईसी आवासीय परिसर में वर्षो से लाखो बहुसंख्यक विभिन्न समुदाय के लोग रहते हैं. इसलिए संवेदनशील विषयों पर खास कर वार्ड पार्षदों को जनभावना का ख्याल रखते हुए ही कोई कार्य करना चाहिए। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए जिसमें नागरिक संघ के द्वारा आयोजित आम सभा में 20 फरवरी 22 को लिए गए पूर्व निर्णय अनुसार धुर्वा बस स्टैंड चौक पर 24 जुलाई 02 को डोमिसाइल आंदोलन में शहीद हुए दीपक, बबलू, और आरके सिंह की प्रतिमा लगायी जाए, आसाजिक तत्वों द्वारा धुर्वा बस स्टैंड चौक पर जबरन महाराणा प्रताप का मूर्ति लगाने वाले के खिलाफ नागरिक संघ राज्य के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव , रांची उपायुक्त, रांची नगर प्रशासक, एसएसपी रांची, रांची नगर निगम के मेयर/उपमेयर एवं एचईसी प्रबंधन से मुलाकात कर शिकायत पत्र दिया जाएगा।

## संत पॉल्स दिवस समारोह 25 को

**रांची।** राजधानी रांची में सेवारत संत पॉल्स नामित तमाम शिक्षण संस्थान, संत पॉल्स कैथेड्रल, संत पॉल्स कॉलेज, संत पॉल्स उच्च विद्यालय, संत पॉल्स मध्य विद्यालय एवं संत पॉल्स प्राइमरी विद्यालय के प्रभारियों की संयुक्त बैठक संत पॉल्स महाविद्यालय में हुई । इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संत पॉल्स दिवस पर पूर्व की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा व भक्ति के साथ सोल्लास मनाया जाए। संत पॉल्स दिवस समारोह को लेकर उसकी पूर्व संध्या पर 24 जनवरी को अपराह्न 4.00 बजे संत पॉल्स महोपासनालय में जागरण आराधना का कार्यक्रम संपन्न होगा। तदुपरांत 25 जनवरी को सुबह 6.30 बजे धन्यवादी सह प्रभुभोज की आराधना सम्पन्न होगी। इसके बाद संत पॉल्स उच्च विद्यालय से शोभायात्रा निकाली जाएगी जो संत पॉल्स मध्य विद्यालय, संत पॉल्स प्राइमरी विद्यालय, संत पॉल्स महाविद्यालय होते हुए संत पॉल्स महोपासनालय में जाकर इसका समापन होगा।

# इम्तियाज इलेवन खिजुरटोला ने शुभम ब्रदर को 7-1 से हराया



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बूटी चैंपियन ट्रॉपी फुटबाल टूनार्मेंट के तहत मंगलवार को इम्तियाज इलेवन खिजुरटोला बुटी के पंचमा टिकरा मैदान में शुभम ब्रदर को 7-1 से हराकर खेल के अगले दौर में प्रवेश किया। इस खेल में पहला गोल मारने तथा हैट्रिक गोल मारने वाले रज्जाक को मैन ऑफ दी मैच साथ ही 2000 का नगद पुरस्कार जावेद इकबाल के द्वारा दिया गया। मैच के मुख्य अतिथि युवराज पासवान, विशिष्ट अतिथि संजय महतो, डूमरदाग के पूर्व मुखिया जुगुन मुंडा, अतिथि जितेंद्र महतो, संजय महतो, कर्मदेव बैठा, आसकुमार दुबे, रणधीर रज्जाक, हीरालाल ओहदार, सुरेन्द्र पाहन, राजेंद्र करमाली, इम्तियाज अंसारी आदि शामिल थे। इसके आयोजन में समिति के अध्यक्ष राम ओहदार, उपाध्यक्ष कपिल महतो, महासचिव अनिल बैठा, सचिव पवन ओहदार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# श्री सुंदरकांड और श्री हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

### श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष पर श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 33वें श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने अपने परिवार के साथ श्री हनुमान जी महाराज के दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा, गुड़, चना व फल अर्पित किया। साथ में सुगंधित इत्र भी अर्पित किया।

अनिल नारनोली ने चंदन-वंदन करके श्रीरामचरितमानस ग्रंथ के पाठ वाचक को पूजन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री हनुमान जी महाराज की जय जयकारों के बीच पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा व सहयोगी ने ढोलक, गिटार, झांझ, कड़ताल के साथ श्री गणेश वंदना करके श्री हनुमान चालीसा का पाठ व सुंदरकांड का संगीतमय पाठ प्रारंभ किया। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि पाठकों ने मंदिर में उपस्थित सैकड़ों भक्तों से सामूहिक रूप से पाठ करवाया। पाठ के मध्य में अनेक भजनों का गायन भी किया गया। सुभाष रौनक पोद्दार ने घी, श्रवण ढानढनिया ने चना भोग, राजेश सिंघानिया ने इत्र एवं एक श्याम भक्त ने गिरी गोला सेवा श्रद्धा भाव से निवेदित की। पाठ उत्सव के समापन के पहले सभी भक्तों ने खड़े होकर पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। कंचन वरण विराज सुबेसा, कानन कुंडल कुंचित केसा के स्वर से श्री श्याम मंदिर के साथ पूरा हरमू रोड गूंज उठा। महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। ज्ञात हो कि श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष पर हर शनिवार को श्री श्याम भंडारा, हर मंगलवार को श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा पाठ का सफलतापूर्वक आयोजन होता आ रहा है।



### एकादशी संकीर्तन आज

**बुधवार** को बाबा श्याम का एकादशी संकीर्तन रात्री 9.30 बजे से मंदिर में होगा। श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार (21 जनवरी को) संध्या 5:00 बजे से श्री श्याम भंडारा होगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने सभी को आमंत्रित किया है।

# झारखंड के आलोक कुमार चौधरी सर्वोच्च राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से किये गये सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कर्नाटक के हुबली धारवाड़ में 12 से 16 जनवरी तक आयोजित 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2023 में आर्यभट्ट साइंस क्लब के समन्वयक एवं रंका अनुमंडल निवासी आलोक कुमार चौधरी को सर्वोच्च राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार व्यक्तियों और स्वैच्छिक संगठनों को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की पहचान के लिए दिए जाते हैं।

इन पुरस्कारों का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय विकास या समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना और उनमें समुदाय के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करना है और इस तरह अच्छे नागरिक के रूप में उनकी क्षमता में सुधार करना है। नवाचार, संस्कृति, मानव अधिकारों की सुरक्षा, कला और साहित्य, पर्यटन, पारंपरिक चिकित्सा, सक्रिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा, खेल और शैक्षणिक उत्कृष्टता जैसे गतिविधियों के विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल थावर चंद गहलोत, युवा एवं खेल मंत्री, भारत सरकार, अनुराग सिंह ठाकुर, कर्नाटक राज्य के मुख्यमंत्री, बसवा राज बोम्मई, निवासी आलोक चौधरी को एक प्रमाण पत्र, पदक और एक लाख रुपये से सम्मानित किया। रांका अनुमंडल को विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। देकर सम्मानित किया गया इस खबर को सुनकर आर्यभट्ट साइंस क्लब व जिले के सभी सदस्यों में खुशी की लहर है। आलोक कुमार चौधरी विज्ञान द्वारा विकास की दृष्टि से काम कर रहे हैं। वह छात्रों और आम लोगों के बीच खगोलीय दूरबीन, विज्ञान किट, मॉडल, किट, ऑनलाइन वेबिनार, व्याख्यान आदि का उपयोग करके खगोलीय घटना के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न अंतरिक्ष विज्ञान और खगोलीय गतिविधियों का आयोजन करते हैं।



## स्पीड न्यूज

### रामकृष्ण टुसू मेला हर्षोल्लास से संपन्न

**राहे।** प्रखंड के कदमडीह गांव में रामकृष्ण टुसू मेला मंगलवार को उल्लास के साथ संपन्न हुआ। मेले में अंबा रानी झूमर म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। लोक गायक दिनेश महतो, अंबा रानी महतो, दुर्योधन महतो, सुलोचना महतो के झूमर गीत से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिये। मेले में लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम का मजा लिया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय पुस्तकालय सदस्य डॉ राजाराम महतो, मुखिया रम्भावती देवी, पंचायत समिति सदस्य निधि देवी, पूर्व प्रमुख किरीटी महतो, समाजसेवी भुनेश्वर महतो, जगदीश महतो, मेला कमेटी के राजू महतो, नरोत्तम मुंडा, भृगुराम लोहरा, कैलाश महतो, परीक्षित महतो, चरण सिंह मुंडा, सुभाष महतो मौजूद रहे।

### बहेरा पंचायत में हुई ग्राम सभा

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बहेरा पंचायत अंतर्गत सबकी योजना सबकी विकास आज्ञा पत्र के अनुसार सरैया, ठेठंगी गांव में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा की अध्यक्षता बहेरा पंचायत की मुखिया रेखा कुमारी ने एवं संचालन मुखिया प्रतिनिधि रमेश मुंडा ने किया। ग्राम सभा में कई योजनाएं पारित की गई। इस मौके पर संधियां टनाभगतए पंकज कुमार दासए विश्राम टाना भगत, प्रमिला टाना भगत, सुनीता टाना भगत, राजमणि किसपोटा, शांति मिंज, फूलजैनस तिगा उपस्थित थे।

### नीलगिरी मेला आज तैयारी पूरी

**सिल्ली।** सिल्ली के छोटाचांगडु नीलगिरी पहाड़ परिसर में बुधवार को निलगिरी मेला का आयोजन किया गया है। मकर संक्रांति के पश्चात लगने वाली इस मेले के आयोजन की सारी तैयारी कर ली गई है। इसकी जानकारी मेला समिति द्वारा दी गई है।

### हरिहर मेले में पहुंचे विधायक सुदेश महतो

**सिल्ली।** कोंचो गांव के स्वर्णरेखा नदी तट के हरिहर मेला में पुर्व उप मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो, पूर्व विधायक अमित महतो, समाजसेवी श्यामसुंदर महतो, कांग्रेस पार्टी रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, मुखिया, पंस सदस्य समेत कई पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। मंच संचालन मेला कमेटी के संरक्षक सुनील सिंह ने किया। मेले में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे एवं मेले का आनंद उठाया। मेला में मुख्य आकर्षण का केंद्र मिक्की माउस स्लाइडिंग एवं डिस्को डांस रहा। जहां बच्चों ने मजा लिया।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**ओरमांझी।** एनएच-20 पथ पालु ओरमांझी में एक सड़क दुर्घटना में लगभग 35 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। बताया गया कि मंगलवार युवक एफजेड हीरो बाइक जेएच01एएम-9221 में सवार हो रांची से रामगढ़ की ओर जा रहा था। जैसे ही पालु के पास पहुंचा। किसी अज्ञात वाहन से टकरा गया। बाइक का अगला हिस्सा छतिग्रस्त हो गया। वहीं युवक का माथा फट जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए रिम्स भेज दिया गया। जहां के चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि कर दी।

### पीड़िता ने दर्ज करायी यौन शोषण की प्राथमिकी

**रातू।** थाना क्षेत्र के काठीटांड़ स्थित रविरंजन कुमार के मकान में बतौर किरायेदार गोड्डा यदुकिया निवासी बाबूलाल मुर्मू की पुत्री 22 वर्षीया मेरी मुर्मू ने रातू थाने में भादवि की धारा 376-डी/313 के तहत कांड संख्या 27-23 दर्ज करायी है। इसमें खलारी में रहने वाले विकास कुमार व पिठोरिया के सांगा निवासी सुदेश कुमार पर यौन शोषण का आरोप लगाया गया है। जानकारी के मुताबिक विकास और मेरी 2020 में एक दूसरे के करीब आये। पिस्का मोड़ में विकास ने उससे मोबाइल नंबर लिया। शादी का झांसा देकर दो साल तक यौन शोषण किया। इस बीच वह गर्भवती हो गयी। तीन बार उसका गर्भपात कराया गया। उसने अपने दोस्त सुदेश से गैंग रेप भी कराया।

---

### ओरमांझी स्टेडियम में होगी परीक्षा, उत्तीर्ण छात्रों को प्रधानमंत्री करेंगे सम्मानित

# स्कूली बच्चों की आत्महत्या पर रोक के लिए होगी प्रेरणा परीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** परीक्षा की तनाव से स्कूली बच्चे आत्महत्या न करें। इसके लिए ओरमांझी में प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन स्कूली बच्चों को जीवन के महत्व के प्रति प्रेरणा दी जाएगी। इसे लेकर मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओरमांझी में एक बैठक किया गया। बैठक में उपस्थित राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चाहते हैं कि छात्र परीक्षा के दौरान दहशत में न रहे और बच्चे उत्सव की तरह परीक्षा दें। उन्होंने कहा यह पुरी तरह गैर राजनीति कार्यक्रम होगी। इसका उदेष्य सिर्फ बच्चों को आत्महत्या जैसे कदम उठाने से रोकना है। वहीं भाजपा युवा मोर्चा प्रदेष अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा खिजरी विधानसभा स्तरीय परीक्षा होगी। जिसमें में 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी शामिल होंगे। 20 जनवरी को एसएस हाई स्कूल स्टेडियम में होने वाले इसे परीक्षा में पांच सौ से ज्यादा परीक्षार्थी के शामिल होने की संभावना जताते हुए उन्होंने कहा उत्तीर्ण छात्रों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित की जाएगी। वहीं प्रमुख अनुपमा देवी ने परीक्षा में शामिल होने की अपील करते हुए कहा देषभर में जिस तरह छात्र-छात्राएं आत्महत्या कर रहे हैं। उसे रोकने में इस प्रकार का कार्यक्रम निश्चित ही बच्चों के लिए एक प्रेरणा होगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही, धीरज कुमार महतो, प्रीतम कुमार साहू, नेहा सिंह, अनिल टाइगर, दिलीप मेहता, अलखनाथ महतो, शशि भूषण साहू, राज किशोर साहू सहित कई लोग उपस्थित थें।



परीक्षा देते छात्राएं और मौके पर उपस्थित राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू।



मृत छात्रा के स्वजनों से मिलने पहुंचे आदित्य साहू।

### हत्या की होगी जांच

**ओरमांझी।** झारखंड में अपराधियों का मनोबल बढ गया है। राज्य में बढ गई है हत्या व दुष्कर्म की घटनाएं। राज्य की बेटियां कंही भी सुरक्षित नही है। अब तो घर में घुर कर हत्या व दुष्कर्म की घटानाएं होने लगी है। उक्त बाते राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कही, वे बीआईटी मेसरा थाना क्षेत्र के छात्रा की हत्या पर मंगलवार को पीड़ित स्वजनों से मिलने बिरसा ग्राम रूदिया गए थें। उन्होने घटना के प्रति दुख जताया और इंसाफ दिलाने व हर संभव मदद करने का आश्वासन दी। वहीं आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी के लिए पुलिस पदाधिकारी से बाते की। इसके अलावा पूर्व सांसद रामटहल चौधरी भी स्वजनों से मिलने पहुंचे और पुलिस से कार्यवायी की जानकारी ली, और कहा घटना को अंजाम देने वाले को जल्द गिरफ्तार होना चाहिए। आदित्य साहू के साथ भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, भाजपा एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष कमलेष राम, अनिल टागर सहित कई लोग शामिल थे।

---

# चुनाव की तैयारी में जुट जायें कार्यकर्ता: नवीन

### मंडल भाजपा कार्यसमिति इकाई की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** भाजपा पूर्वी और पश्चिमी मंडल कार्यसमिति की बैठक मंगलवार को देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। प्रखंड मुख्यालय स्थित पाहनबारी में आयोजित बैठक के दौरान संगठन को मजबूत और धारदार बनाने व केंद्र प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं की प्रचार-प्रसार के लिये कमेटी का गठन करने पर जोर दिया गया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश मंत्री सह विधायक नवीन जायसवाल ने मिशन 2024 की चर्चा करते हुये कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। बैठक में सुरेंद्र महतो, मनोज बाजपेयी, राजेंद्र पांडेय, राजेश सिंह रूपेश गोप, शिवपूजन साहू, प्रवीण सिंह, मोहन मुरारी, प्रदीप टोप्पो, जीवन जीत मिर्धा व इमरान खान आदि ने भी अपनी बातें रखी।

**बैठक में लिया हिस्सा**

प्रीतम साहू, सुधाकर चौबे, कामेश्वर महतो, संजीव तिवारी, परमेश्वर सिंह, संजय सिंह, मंटू सिंह, परमेश्वर गोप, संजय महतो, ज्ञान प्रकाशनंद तिवारी, कृष्णा भगत, संजय मिश्र, कलामुद्दीन अंसारी, जेम्स खलखो, सत्यनारायण गोप, अमित गोप, हजारी साहू, रामधीर तिवारी, उमेश सिंह, संजय साहू, पंचम महतो आदि।

---

# ओरमांझी: बेटियों की सुरक्षा को लेकर समिति का गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** बिरसा ग्राम रूदिया में बेटियों को बचाने के लिए एक सुरक्षा समिति का गठन किया गया है। आरपीआई झारखंड प्रदेश प्रधान महासचिव प्रीतम लोहरा की अध्यक्षता में हुई बैठक में मेसरा पूर्वी पंचायत के मुखिया कुशल मुंडा, पंसस कालेश्वर महतो के निगरानी में 31 सदस्यीय ग्राम सुरक्षा समिति का गठन हुआ। जिसमें कई महिलाओं को भी शामिल किया गया है। मुखिया कुशल मुंडा ने गांव में अपरिचित व संदिग्ध व्यक्ति को देखते ही ग्रामीण ग्राम सुरक्षा समिति को सूचित करने का आहवान किया और कहा पूछताछ में संतुष्ट नही होने पर ही करवाई होगी। वहीं मकान मालिकों से बिना आधार कार्ड के किसी को भी मकान का किराया में देने से मना किया। वहीं समूह की महिलाओं ने सुरक्षा की दृष्टि से सभी सरकारी पोल में लाईट का व्यवस्था कराने को कहा। प्रीतम लोहरा ने कहा गांव में सीसीटीवी लगाने की मांग प्रशासन से की जाएगी। सरकार द्वारा व्यवस्था नही होने पर ग्रामीणों के सहयोग से सीसीटीवी कैमरा लगाया लगेगा।

**बैठक में थे शामिल**

बैठक में शिव एवं काली पूजा समिति के अध्यक्ष टिपू महतो, महादेव मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष कृष्णा लोहरा, रेखा साहू, शंकर राणा, महेश कुमार साहू व ग्रामीण उपस्थित थे।

# हाथी खा गये मध्याह्न भोजन का चावल

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** हाथियों के झुंड ने सोमवार की रात सोनाहातू प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कुटीडीह का खिड़की को तोड़कर तीन बोरा मध्याह्न भोजन का चावल को खा गये। जब इतना में मन नहीं भरा तो किताब, रजिस्ट्र आदि सामग्री को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसकी जानकारी ग्रामीणों को मंगलवार की सुबह को हुई। ग्रामीणों ने स्कूल के शिक्षक हरिनाथ मुंडा और वार्ड सदस्य सह विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शंकर सिंह मुंडा को घटना की सूचना दिए। उसके बाद वे दोनों लोग भी स्कूल पहुंचे और संबंधित साधन सेवी बलदेव महतो को जानकारी दिया।

### टेंपो में लदे मटरछीमी को हाथी ने किया तहस-नहस

**इटकी।** इटकी प्रखंड के पुरियो गांव में मंगलवार की शाम एक जंगली हाथी प्रभु मिंज के खेत में अचानक आ धमका और खेत से तोड़कर टेंपो में लाद रहे मटर छीमी को क्षतिग्रस्त कर डाला। जंगली हाथी ने टेंपो व बाइक को भी क्षति पहुंचाया। किसान और वाहन चालक ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचायी। ज्ञात हो कि हाथियों का एक झुंड पुरियो के आसपास के जंगलों में अपना अड्डा बना रखा है।

### बेड़ो: दो गांवों में हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात, रौंद डाली फसलें

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के कोकड़े व बरटोली में हाथियों का उत्पात रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हाथी किसानों के फसलों को रौंद कर बर्बाद कर दे रहे हैं। वहीं प्रशासन से उन्हें मुआवजा का केवल आश्वासन ही मिलता है। सोमवार की रात दस बजे चार जंगली हाथियों ने दोनों गांव में जमकर उत्पात मचाया। जंगली हाथियों का झुंड घूम घूमकर दो घंटों तक उत्पात मचाता रहा। इस दौरान कोकड़े गांव में लोदो मुंडा, आनंद मुंडा और शनिचर मुंडा के खेतों पर लगी मटर, आलू व गेहूं और बरटोली गांव में लोहरा मुंडा मटर आलू की फसलों को रौंदकर बर्बाद कर दिया। इस घटना से आसपास के लोगों में दहशत व्याप्त है।

---

## एक नजर में

### सलीम अंसारी बने उपभोक्ता व सार्वजनिक वितरण मामले के इटकी प्रखंड प्रतिनिधि



**इटकी।** खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने इटकी के गुलाम टोली निवासी सलीम अंसारी को खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले के विभाग का इटकी प्रखंड प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इसकी अधिसूचना जारी की गयी है। सलीम अंसारी को मंत्री के प्रतिनिधि चुने जाने पर रोहित उरांव, मो मोइन, उस्मान गनी, सुका टाना भगत सहित क्षेत्र के कई लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### सिंगरसराय गांव में 15 एकड़ में लगा अफीम नष्ट



**नामकुम।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के सिंगरसराय गांव में बडे पैमाने परलगी अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि उन्हे सूचना मिली थी कि सिंगरसराय में बडे पैमाने पर अफीम की फसल लगायी गयी है। जिसके बाद उन्होने टीम गठन कर खुद मंगलवार सुबह लगभग सात बजे गांव पहुंचे और खेतों में लहलहा रही फसल को नष्ट कर दिया। थानेदार ने बताया कि वे प्रतिबंधित खेती करने वालों की पहचान करा रहे है, उनपर कार्रवाई की जाएगी। अभियान में थानेदार के साथ अनिमेष शांतिकारी, रवि केशरी, एएसआई एनके तिवारी, लालमोहन पांडेय, बोएस मुंडू सहित पुलिस बल शामिल थे।

### बुंडू में भाकपा-माले कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन



**बुंडू।** वन विभाग बुण्डू के समक्ष आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन क्षेत्र में बढ़ते हाथियों के आतंक और वन विभाग की निष्क्रियता के खिलाफ भाकपा माले कार्यकताओं का वन विभाग बुंडू कार्यालय के समक्ष आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। जिला सचिव जगमोहन महतो ने कहा जंगली हाथियों के आतंक पूरे पांचपरगना में विकराल रूप ले चुका है जनता त्राहिमाम कर रही है और उसमें वन विभाग की निष्क्रियता और तमाड़, सिल्ली विधायकों की चुप्पी ग्रामीणों की पीड़ा बढ़ा रही है। प्रदर्शन में रामेश्वर मुण्डाए सिमैला देवी, भीष्म महतो, सरला मुंडा, बिमला कुमारी, पूर्णचंद्र मुण्डा, दुलाल मुंडा, जोगेन मुंडा, अनंत मुंडा, रामसत्या मुंडा, गुरुवारी देवी, पइदो देवी व सैनाथ मुंडा शामिल हुए।

### महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल चैपिंयन ट्राफी टूर्नामेंट सात फरवरी से



**कांके।** महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल चैपिंयन ट्राफी टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच 7 फरवरी से खेला जाएगा। इसे लेकर महाराजा मुंडा रिंग रोड पतरातू में महाराजा मदरा मुंडा समिति के अध्यक्ष संजय मुंडा की अध्यक्षता में बैठक कर निर्णय लिया गया। इस संबध में समिति के मुख्य सरंक्षक सोमनाथ मुंडा ने बताया कि टूर्नामेंट में झारखंड के चक्रधरपुर सहित दूसरे राज्य के हुबली बंगाल, सुदंरगढ़ उड़ीसाएबंगाल टाइगर कोलकता सहित अन्य कई राज्यों की 16 टीम भाग लेगी। बैठक में जिप सदस्य संजय महतो मदन महतो प्रेम किशोर महतो हयात अंसारी फरीद खान अजय एक्का सूरज प्रकाश सहित कई शामिल थे।

### नगड़ी: आईआईएम कॉलेज के हॉस्टल में पंखे से लटका मिला छात्र का शव

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के आईआईएम कालेज के हॉस्टल में पंखा से लटका हुआ छात्र का शव पुलिस ने मंगलवार को बरामद किया। छात्र के दोनों हाथ बंधे हुए थे। छात्र का रूम आईआईएम कैंपस में पांचवें तल्ले पर 505 पर स्थित है। युवक की पहचान शिवम पांडेय (22 वर्ष) के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के बनारस का रहने वाला था। छात्र यहीं सेकेंड इयर में पढ़ता था और कैंपस में ही हास्टल में रहता था। मौके पर उसके परिजनों को बुलाया गया। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दी है।

---

# टेंडर को लेकर बेड़ो सब्जी मंडी दो दिन से बंद

### औने-पौने दाम में सब्जी बेचने को विवश हैं किसान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** सरकार की ओर से बाजार डाक व्यवस्था टेंडर के विरोध में बेड़ो सब्जी मंडी गत दी दिनों से बंद हैए जिससे लाखो रुपये का कारोबार प्रभावित हुआ है। वहीं किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि ग्रामीणों ने बाजार डाक व्यवस्था का विरोध करते हुए ग्राम सभा के द्वारा शुल्क वसूली अभिकर्ता का चयन करके बाजार व्यवस्था का संचालन कराने की मांग किया था। इस संदर्भ में ग्रामीणों ने प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को मांग पत्र सौंपा था। साथ ही अपनी मांगों को लेकर सब्जी मंडी बंद का घोषणा किया था। इधर सब्जी मंडी पहुंचे किसानों को सब्जियों के नहीं बिकने के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। किसानों को मजबूरी में केशा मोड़ व बारीडीह मैदान में बिचौलियों को औने-पौने दाम पर सब्जी बेचना पड़ा रहा है। वहीं सब्जी मंडी में सब्जी नहीं लिए जाने पर किसानों में काफी रोष देखा गया। वहीं मंडी दो दिन से लगातार बंद होने के कारण खेतों में लगी सब्जियां भी खराब होने से किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। ज्ञात हो कि ग्रामीणों व व्यवसायियों ने टेंडर को लेकर मंडी बंद रखने का निर्णय लिया था। वही दो दिन बीतने के बाद प्रशासनएविधायक व सांसद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिए जाने से दूसरे दिन भी मंडी पूरी तरह वीरान रही।



# घांसीराम महली की जयंती पर करकट में लगा मेला

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** महाकवि घांसी राम महली की 164वीं जयंती सह मेला का अयोजन मंगलवार को उनके पैतृक गांव में करकट में किया गया। घासीराम महली नागपुरी साहित्य के महान कवि थे। उनका जन्म 17 जनवरी 1859 में झारखंड राज्य के रांची जिला में चान्हो प्रखंड के करकट गांव में हुआ था। वे रातू महाराज के दरबारी कवि थे।

उनके द्वारा लिखित वंशावली, दुर्गा सप्तशती, बरहामासा, विवाह परिछन आदि प्रमुख है। घासी राम महली एक भारतीय नागपुरी भाषा के कवि थे। वे ठाकुरगांव के नागवंशी लाल ठाकुर के संरक्षण में एक कवि थे। वे नागपुरी भाषा के पहले कावी थे। अतिथियों को आदिवासी परम्परा से स्वागत किया गया। मेला गीत संगीत से पूरा माहौल संगीतमय हो गया। शिव शंकर महली और रामप्रसाद महली के संयुक्त नेतृत्व में पइका नृत्य से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

मनोज महतो और सुखदेव महली के गीतों ने लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने अपने संबोधन में कहा कि महली समाज का नागपुरी भाषा और साहित्य को बचाने में बहुत बड़ा योगदान है। साथ ही उन्होंने महाकवि घांसी राम महली रचित किताबो की लिपिबद्ध कराने का आश्वासन दिए।

### जेपीएससी उपसमाहर्ता सीमित परीक्षा में बुंडू के प्राथमिक शिक्षक सफल

**बुंडू।** बुंडू प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय दामी में पदस्थापित शिक्षक कांचन मुखर्जी जेपीएससी प्रथम उपसमहर्ता सीमित परीक्षा में सामान्य वर्ग में 17 वीं स्थान प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की है। वर्ष 2000 से प्राथमिक शिक्षक के रूप से कार्यरत हैं। रांची के शास्त्री नगर कांके रोड निवासी कांचन मुखर्जी पिता कोल इंडिया में वरीय कार्यपालक सचिव पद से सेवानिवृत्त हैं। जबकि बड़ा भाई एसबीआई मुंबई में सेवारत हैं।

# सिल्ली: पांच शहीद वीर सपूतों की प्रतिमा का अनावरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** झालदा गोकुल नगर बागमुंडी रोड के समीप पांच शहीदों की प्रतिमा का अनावरण किया गया। शहीद गोकुल महतो, गणेश महतो, मोहन महतो, शीतल महतो एवं शहीद सहदेव महतो इन पांचों वीर शहीदों के प्रतिमा का अनावरण बागमुंडी विधायक सुशांत महतो, पूर्व विधायक नेपाल महतो, जयराम महतो, हिमांशु, शांतिराम महतो आदि के द्वारा किया गया। वहीं इन वीर सपूतों के याद में अतिथियों एवं कमेटी के सदस्यों द्वारा दिए जलाकर नमन किया गया। इस मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विधायक सुशांतो महतो ने कहां की यह वीर स्वतंत्रता सेनानी ब्रिटिश हुकूमत से अपनी जान की बाजी लगाकर आजादी दिलाई थी। इनकी बलिदानी हमें याद रखने की जरूरत है इनकी याद में इस गोकुल नगर मे सुविधा बहाल करने की हम हर संभव प्रयास करेंगे। पूर्व विधायक नेपाल महतो ने कहा कि इन पांच वीर सपूतों का प्रतिमा स्थापित कर इस गोकुल नगर को कमेटी के सदस्यों ने शहीदों सम्मान देने का काम किया है। हमारा हर संभव प्रयास रहेगा कि इन वीर सपूतों का नाम आने वाला पीढ़ी भी याद रखें। मौके पर राजीव, टिंकू, परशुराम महतो, दिनानाथ, बनसरिया श्याम, सुंदर महतो, गुरुपदो महतो, विश्वकर्मा महतो, श्रीपद बसरीयार समेत अन्य मौजूद थे।



# टुसू मेला में दिखी छोटानागपुरी सस्कृति की झलक

### सालहन गांव में लगा टूसू मेला, झूमे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** सालहन गांव में एतवा भगत द्वारा प्रति वर्ष की भांति मंगलवार को स्वर्णरेखा नदी के किनारे आयोजित टुसू मेला में छोटानागपुरी संस्कृति के कई रंग एक साथ देखने को मिले। राज्यसभा सांसद प्रोफेसर आदित्य कुमार साहू पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने ढोल नगाड़ा बजा कर मेले का शोभा बढ़ाए। मौके पर मेला के मुख्य अतिथि सांसद आदित्य कुमार साहू ने कहा कि टुसू मेला छोटानागपुर की आदिवासी संस्कृति की धरोहर है और इस धरोहरा को बचाए रखने की जरूरत है। मेला मे बालिका फूटबॉल प्रतियोगिता टूसू प्रदशनी मुर्गा लड़ाई और कृष्णा भगत की मोटरसाइकिल पर प्रदर्शित नाव की झांकी इत्यादि मुख्य आर्कषण के केन्द्र थे।



**मेला में हुए शामिल**

मेला में पूर्व विधायक रामकुमार पहान, ओरमांझी प्रमुख अनुपमा देवी, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, डॉ अमर चौधरी, डॉ रिझू नायक, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंदर महतो, सासद प्रतिनिघि कामेश्वर महतो, सिकंदर अंसारी, रब्बानी राज, सलीम अंसारी, मुखिया रौशन मुंडा, अजय महतो, अरविन्द कुमार भगत, शिबु मुंडा, रामसाय मुंडा, हिमांसू शेखर चौधरी, बीरेन्द्र सिंह भोक्ता, लक्षमण बाबा इत्यादि उपस्थित थे। मेला मे आस पास के गांवो से काफी संख्या मे शामिल हुए और मेला का आनंद उठाए। रात भर रंगारग सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत छोटानागपुरी गीत संगीत मे झूमते रहे।

